## एक नजर

### प्रधान ने मनरेगा योजना में किया घपला, मिला नोटिस

**बदायूं।** ब्लॉक कादरचौक की ग्राम पंचायत बेहटा डम्मर में वर्तमान और तत्कालीन प्रधानों के द्वारा मनरेगा योजना में पांच लाख से अधिक की धनराशि का घपला किया है। जांच में पुष्टि होने के बाद डीएम ने प्रधानों को नोटिस जारी किया है। गांव निवासी तायमीन पुत्र कल्लू आदि ने डीएम से शिकायत कर तत्कालीन और वर्तमान प्रधान पर मनरेगा योजना में घपला करने का आरोप लगाया। इस पर डीएम ने डीडीओ के माध्यम से जांच कराई। जांच में पांच लाख से अधिक की धनराशि का घपला होने की पुष्टि हुई। जिस पर डीएम मनोज कुमार ने तत्कालीन प्रधान सबदरी बेगम और वर्तमान प्रधान मोहम्मद शफी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

### सात दिवसीय प्रशिक्षण में 29 महिलाओं ने लिया हिस्सा

**बिसौली।** बुधवार को स्थानीय क्षेत्रीय ग्राम्य विकास प्रशिक्षण संस्थान में चलाया जा रहा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत बुक कीपर एवं आईसी आरपी एफ एन बी स्वास्थ्य शिक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न हुआ। महिला प्रतिभागियों को स्वयं सहायता समूह और ग्राम संगठन के अभिलेखों के रखरखाव के तौर तरीकों पर परिचर्चा की गई। प्राचार्य अनुज श्रीवास्तव व मुख्य प्रशिक्षक कृष्ण श्रीवास्तव ने महिलाओं को प्रमाण पत्र दिया।

# ट्रांसफार्मरों में लगेंगे एसडब्ल्यू तार, अब नहीं होगी ट्रिपिंग

## 25 से 100 केवीए वाले सभी ट्रांसफार्मरों की कराई जाएगी मरम्मत

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- बिजली विभाग ने गर्मी के मौसम को देखते हुए की तैयारी

**अमृत विचार :** गर्मी के मौसम में बिजली की समस्या उपभोक्ताओं को रुला देती है। बार बार ट्रिपिंग और अनावश्यक कटौती से भारी परेशानी होती है। इसी परेशानी से निजात दिलाने के लिए विभाग ने 25 से सौ केवीए वाले ट्रांसफार्मरों के तारों को एसडब्ल्यू किया जाएगा, जिससे उपभोक्ताओं को निर्बाध गति से बिजली मिलती रहे। गर्मी के मौसम में हर साल बिजली कटौती और ट्रिपिंग की समस्या से बिजली उपभोक्ता जूझते रहते हैं। एक बार तार टूटने या कटौती होने से घंटों बिजली की सप्लाई बाधित रहती है जिससे लोग पसीना पसीना हो जाते हैं लेकिन इस बार विभाग ने पुराने भी ट्रांसफार्मरों की मरम्मत करने का निर्णय लिया है। साथ ही ट्रांसफार्मरों को एसडब्ल्यू तार से जोड़ने की तैयारी की है। इसके बाद ये स्पेशल वायर कम जलेंगे। ट्रिपिंग बंद हो जाएगी। ट्रांसफार्मर में एसडब्ल्यू तार लगाया जाएगा। इसको स्पेशल वायर कहते हैं जो एल्मो नियम का मोटा और टिकाऊ तार होता है। यह तार वोल्टेज कम ज्यादा होने पर जल्दी जलता नहीं है। ट्रिपिंग की गुंजाइश नही रहती है इसलिए विभाग अधिकारियों ने ट्रांसफार्मर से इस तार को जोड़ने की बात कही है।

### चारों खंडों में रखे ट्रांसफार्मर किए जा रहे चिह्नित

शहर में 25 केवीए के 40 ट्रांसफार्मर हैं, 63 केवीए के 39 जबकि 100 केवीए के 37 ट्रांसफार्मर हैं। इन सभी को एसडब्ल्यू तार से जोड़ा जाएगा जिससे बिजली अधिक होने पर भी तार नही जलेगा और न ही टूटेगा। तार टूटने से ही अधिकांश ट्रिपिंग और कटौती होती है। इन सभी ट्रांसफार्मरों को ठीक करने के बाद जिले के अन्य क्षेत्रों में भी एसडब्ल्यू तार से ट्रांसफार्मरों को जोड़ा जाएगा। चारों खंडों में रखे ट्रांसफार्मर चिह्नित किए जा रहे हैं। देहात इलाकों में अप्रैल के बाद काम शुरू कर दिया जाएगा जबकि शहरी क्षेत्रों में एक अप्रैल से काम शुरू हो रहा है। विद्युत वितरण खंड प्रथम के अधिशासी अभियंता संजीव कुमार ने बताया कि विभाग ने इस मामले में कार्रवाई शुरू कर दी है। अब उपभोक्ताओं को गर्मी में अधिक समस्या नही होगी। शासन के निर्देश पर यह कार्य कराए जाने हैं। शहर के पनबड़िया स्थित विद्युत उपकेंद्र पर होली के बाद ही काम शुरू कर दिया जाएगा। सभी एसडीओ और लाइनमैनों को इस मामले में जानकारी दे दी गयी है।

> गर्मी के मौसम में बिजली की समस्या बनी रहती है लेकिन इस बार ट्रांसफार्मर खराब नहीं होंगे और न ही उनके तार जलेंगे। विभाग ने एसडब्ल्यू तार लगाने के लिए पहले शहरी क्षेत्र में काम करने की तैयारी की है। उसके बाद देहात इलाकों में अभियान चला कर ये तार लगाए जाएंगे। – **अखिलेश कुमार** – अधीक्षण अभियंता।

## टीन पर गिरा एचटी लाइन का तार



टीन पर टूटकर गिरा पड़ा तार।

**ओरछी, अमृत विचार :** हाईटेंशन लाइन का एक तार टूट कर दुकान की टीन पर गिर गया जिससे दुकानदार व आसपास के लोग भय के साए में हैं। दुकानदारों एवं ग्रामीणों ने विभाग को सूचना भी दी मगर कोई भी कर्मचारी या अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा है। ओरछी के मेन चौराहे से हाईटेंशन लाइन गुजर रही है। इस लाइन का एक तार टूट कर दुकान के आगे पड़ी टीन पर गिर गया। बिजली नही होने से कोई हादसा नही हुआ मगर तार पड़े होने से लोगों में अनहोनी की आशंका बनी हुयी है। स्थानीय लोगों ने विभाग के अधिकारियों को सूचित भी किया फिर भी कोई कर्मचारी या अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा जिससे लोगों में रोष बना हुआ है। विभाग को जल्द से जल्द लाइन को ठीक करना चाहिए।

# वंचित किसानों को नहीं मिल रहा सम्मान निधि का लाभ, जताया रोष

संवाददाता, बिसौली



नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते किसान नेता। ● अमृत विचार

- भाकियू चढ़ूनी ने दिया नायब तहसीलदार को ज्ञापन

**अमृत विचार :** तहसील परिसर में भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) की पंचायत हुई। इसमें वंचित किसानों को सम्मान निधि का लाभ न मिल पाने की समस्या को उठाया गया।

बुधवार को बिसौली तहसील परिसर में भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी की पंचायत हुआ। जिलाध्यक्ष सतीश साहू ने कहा कि प्रशासन किसानों की समस्याओं पर ध्यान नहीं दे रहा है। ब्लॉक हो या तहसील का किसान चक्कर लगाते-लगाते परेशान हैं। उसकी समस्या का समाधान नहीं हो रहा है।

उन्होंने विभिन्न मार्गों पर संचालित प्राइवेट वाहन बस, टेंपो आदि पर ओवरलोडिंग सवारी भरने पर प्रतिबंध लगाने की मांग के साथ किराया सूची एवं चालक परिचालक का नाम अंकित करने की मांग करते हुए कहा कि गोआश्रय स्थल में गोवंश का पूरा रिकॉर्ड फ्लेक्स बोर्ड या दीवार पर अंकित किया जाए। नीची ढीली हाईटेंशन बिजली लाइन ऊंची कराई जाए।

जिला प्रभारी अजब सिंह राजपूत ने कहा विद्युत अधिकारियों के फोन नंबर अंकित किए जाएं। क्षेत्र में अधिकांश सड़कों पर गड्ढे हैं। जर्जर संपर्क मार्गों को गड्ढा मुक्त कराया जाए। वंचित किसानों को सम्मान निधि नहीं मिल रही है। लेखपाल द्वारा सम्मान निधि दिलाई जाए। तहसील प्रभारी नंदकिशोर राजपूत ने भी संबोधित किया। इस तरह विभिन्न समस्याओं के समाधान को लेकर उप जिलाधिकारी के नाम 10 सूत्रीय ज्ञापन नायब तहसीलदार गिर्राज सिंह यादव को दिया गया।

ज्ञापन देने वालों में पंचायत में साकिर खां, जलालुद्दीन, कासिम अली, बाबू शेख, अनवर शाह, सत्यवीर सिंह यादव, भजनलाल, छोटेलाल, छत्रपाल, नाथू सिंह, कुलदीप सिंह आदि रहे।

# एचआईवी पॉजिटिव मरीज को गोद में उठा कर ले गए परिजन

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- गिड़गिड़ाते रहे परिजन, नहीं मिला स्ट्रेचर, तमाशा देखते रहे लोग

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल में व्यवस्थाओं के नाम पर गंभीर मरीजों को भी कोई राहत नहीं मिल रही है। स्ट्रेचर न मिलने पर एक एचआईवी पॉजिटिव मरीज को परिजन गोद में उठा कर ले गये। पीड़ित परिवार कर्मचारियों से स्ट्रेचर के लिए गिड़गिड़ाता रहा मगर उसे स्ट्रेचर नहीं मिला तो भाई ने गोद में ले जाकर पीड़ित को वार्ड तक पहुंचाया।

बिसौली क्षेत्र के एक गांव का 40 वर्षीय व्यक्ति एचआईवी से पीड़ित है। उसका काफी समय से उपचार चल रहा है। बुधवार को मरीज का भाई उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचा। जहां पहले उसके ब्लड की जांच कराई गई। उसके बाद परिजन उसे दूसरे कक्ष में ले जाने को कर्मचारियों से स्ट्रेचर की मांग करते रहे। परिजनों ने कई स्वास्थ्य कर्मियों से स्ट्रेचर की मांग की। किसी ने मरीज को स्ट्रेचर नहीं दिया, जिसके बाद परेशान होकर उसके बड़े भाई ने मरीज को गोद में उठा कर क्षय रोग कक्ष तक पहुंचाया। जहां उसके बलगम की जांच करायी गयी। एचआईवी पीड़ित की हालत बेहद नाजुक नहीं हुई है। परिजनों का कहना है कि स्वास्थ्य कर्मचारियों ने पीड़ित को हाथ भी नहीं लगाया। परिजन ही उसे इधर से उधर करते रहे। मरीज के भाई ने कहा कि यहां का स्वास्थ्य विभाग खुद स्ट्रेचर पर है। इसलिए वह मरीजों की परेशानी को नहीं देख रहा है। व्यवस्थाओं के नाम पर गंभीर मरीजों को परेशान किया जाता है। यहां पर शिकायत करने पर भी कोई सुनने को तैयार नहीं है। इसी तरह दो दिन पहले एक मरीज को स्ट्रेचर नहीं दिया गया तो परिजन उसे गोद में उठा कर ले गए।

> यदि मरीज को स्ट्रेचर नही दिया गया तो उसे शिकायत करनी चाहिए थी। स्वास्थ्य कर्मियों की लापरवाही पर कार्रवाई की जाती है। किसी को बख्शा नही जाता है। दो दिन पहले ही लापरवाही पर दो वार्ड ब्वाय को निलंबित किया गया है। इस तरह मरीजों के साथ खिलवाड़ नही होने दिया जाएगा। व्यवस्थाएं सुधारने के लिए ही कार्रवाई की जाती है। – **डा. कप्तान सिंह** – सीएमएस।

## इंटर के तीन विषयों का मूल्यांकन पूरा, 5वें दिन जांची 51,895 कॉपियां

**बदायूं, अमृत विचार:** यूपी बोर्ड हाईस्कूल-इंटरमीडिएट की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन चार केंद्रों पर हो रहा है। पांचवें दिन 51,895 उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन परीक्षकों द्वारा किया गया। जिसमें एक केंद्र पर तीन विषयों की कॉपी जांचने का काम पूरा हो चुका है। जिले के चारों केंद्रों पर हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की लगभग 347,963 कॉपियां जांची जानी हैं। इनमें से 171,880 कॉपियां जांची जा चुकी हैं। अभी 176,083 कॉपियां जांची जानी शेष हैं। राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में तेजी से कॉपियां जांच रहे परीक्षकों के द्वारा तीन विषयों का मूल्यांकन कार्य पूरा कर लिया गया है। वहीं मूल्यांकन के पांचवे दिन 51,895 कॉपियां जांची गईं।

# सीसीटीवी से शराब की दुकानों की होगी निगरानी

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- सभी दुकानों पर लगेंगी कैमरे, खराबी को दुरुस्त करने के निर्देश
- शराब बिक्री का दुकान संचालकों को देना होगा पूरा हिसाब

**अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव का बिगुल बज चुका है। जिले में तीसरे चरण के दौरान सात मई को वोट डाले जाएंगे। मतदाताओं को लुभाने के लिए प्रत्याशियों द्वारा तरह तरह के प्रलोभन दिए जाएंगे। साथ ही अपने पक्ष में मतदान कराने के लिए शराब भी बांटी जाती है। जिसकी शिकायतें खूब होती हैं, ऐसे में आयोग चुनाव के दौरान बिक्री पर निगरानी रखेगा। शराब की दुकानों से हुई बिक्री को पिछले साल व अन्य वर्षों में अप्रैल और मई माह में हुई बिक्री के अनुपात में देखा जाएगा। इस तरह शराब की दुकानों को बिक्री का पूरा हिसाब अनुज्ञापियों को देना होगा। वहीं शराब की बिक्री के लिए दुकानों पर सीसीटीवी लगाए जाएंगे। चुनाव आयोग से मिले निर्देशों का पालन कराने के लिए आबकारी विभाग ने कवायद शुरू कर दी है।

लोकसभा चुनाव को लेकर आचार संहिता लागू हो गई है। शराब की दुकानों पर जिले के अधिकारियों की निगाहें जम गई हैं। जिला आबकारी अधिकारी तिवारी ने बताया कि शराब की सभी दुकानों पर सीसीटीवी कैमरा लगवा दिए गए हैं। दुकान पर होने वाली सभी गतिविधियों की 24 घंटे निगरानी शुरू कर दी है। चुनाव आयोग दो साल का तुलनात्मक डाटा मांगता है। इसमें 45 फीसदी से ज्यादा शराब बिक्री होने पर उसका संतोषजनक जवाब अनुज्ञापियों को देना होगा। ऐसे में सभी शराब दुकानदारों को इसके लिए पहले ही सचेत कर दिया गया है। शराब की बिक्री मानकों के अधीन ही करनी होगी। चुनाव के दौरान सभी को सतर्क होकर कार्य करना होगा। अवैध शराब की बिक्री के लिए भी टीमें सक्रिय कर दी गईं हैं।

### 24 मार्च की रात से बंद हो जाएगी शराब की दुकानें

24 मार्च को होलिका दहन किया जाएगा। 25 को रंग खेला जाएगा। त्योहार शांतिपूर्वक संपन्न हो इसके लिए पुलिस प्रशासन तैयारियों में जुटा है। डीएम मनोज कुमार ने आबकारी विभाग को आदेश जारी किया है। इसमें उन्होंने 24 मार्च की रात 10 बजे से 25 मार्च की शाम पांच बजे तक देशी, विदेशी, बियर की दुकानें बंद रखने के आदेश दिए हैं। आदेश का पालन न करने वालों के खिलाफ पुलिस प्रशासन सख्ती से निपटेगा। होली को लेकर अवैध शराब बनाने और बेचने वालों पर अकुंश लगाने के लिए आबकारी टीम के साथ थाना पुलिस चेकिंग कर प्रभावी कार्रवाई करेगी। गिरफ्तार कर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

### शराब की 365 और भांग की दो हैं दुकानें

जिले में शराब की 365 दुकानें हैं। जिला आबकारी अधिकारी ने बताया कि सबसे अधिक देशी शराब की दो सौ से अधिक दुकानें हैं। शेष अंग्रेजी और बीयर की दुकानें हैं। शहर में दो मॉडल शॉप हैं। दो भांग की दुकानें संचालित हैं। सभी को नियमों के अधीन ही बिक्री के लिए कहा गया है। अगर उनके द्वारा अवैध तरीके से बिक्री की गई तो उनके खिलाफ कार्रवाई होगी।

# सरसोता कुंड में किया स्नान मेले से खरीदा सामान



सरसोता कुंड में स्नान करते श्रद्धालु। ● अमृत विचार

संवाददाता, सहसवान

**अमृत विचार :** नगर के ऐतिहासिक तीर्थ स्थल सरसोता पर होली से पूर्व लगने वाले एकादशी मेले में श्रद्धालुओं ने सरसोता कुंड में स्नान कर पूजा अर्चना की और रंग गुलाल लगा कर होली की शुरुआत की।

सरसोता मेले में लगने वाली दुकानों पर महिला, पुरुषों बच्चों की खासी भीड़ रही। लोगों ने खिलौनों, सौन्दर्य प्रसाधनों की जमकर खरीदारी की। बच्चों ने चाट-पकौड़े और झूलों का आनंद लिया। खेल खिलौने, गुब्बारे आदि खरीदे। महिलाओं, युवक, युवतियों ने अपने हाथ पर टैटू व नाम आदि गोदवाए। खजला, जलेबी और बेर की भी जमकर बिक्री हुई। मीना बाजार में महिलाओं ने खरीदारी की। कई स्थानों पर लोगों ने प्याऊ लगाई और लोगों को पानी पिला कर पुण्य लाभ कमाया। ऐतिहासिक तीर्थ स्थल सरसोता पर होली से पूर्व एकादशी का मेला लगता है। श्रद्धालु कुंड में स्नान करने के बाद मेले से रंग गुलाल की खरीदारी करते हैं और यहां मंदिरों में देवी देवताओं की प्रतिमाओं को रंग लगा कर रंग खेलने की शुरुआत की जाती है। दूसरे दिन ग्रामीण महिलाएं यहां खरीदारी करती रहीं। इधर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पुलिस फोर्स भी तैनात रहा। इस मौके पर डॉ. कैलाश चंद्र गुप्ता, श्योराज सिंह आदि मौजूद रहे।

## बंद रहता है आंगनबाड़ी केंद्र, शिकायत की

**बिसौली, अमृत विचार :** सोमवार को विकासखंड आसफपुर क्षेत्र के बड़ी आबादी वाले गांव संग्रामपुर में दोपहर के समय नियत समय से पहले ही संबंधित पांचों आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां बिना सूचना दिए केंद्र पर ताला डालकर अपने घर चली गईं।

ब्लॉक आसफपुर के संग्रामपुर में आंगनबाड़ी केंद्र है। यहां पर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां एक या आधे घंटे को आती हैं। कभी कभी तो आती भी नहीं हैं। एक आंगनबाड़ी कार्यकत्री के पति की सोमवार दोपहर को अचानक तबीयत बिगड़ गई जिससे आंगनबाड़ी कार्यकत्री को घर जाना पड़ा। केंद्र पर सेवारत अन्य आंगनबाड़ी कार्यकत्री भी मौके का फायदा उठाकर रमजान के पाक महीने में इबादत के बहाने केंद्र पर ताला लटका कर अपने घर चली गईं।

ग्रामीणों ने बताया कि यहां पर बाल विकास परियोजना कार्यालय के उच्च अधिकारियों की मिली भगत के चलते यहां का आंगनबाड़ी केंद्र लेट से खुलता है। यहां झूलते बिजली के तार खतरा बने हुए हैं। महिला बाल विकास अधिकारी ने बताया कि जो आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां लापरवाह हैं। उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# राशन वितरण में अनियमितता विक्रेता पर एफआईआर दर्ज

संवाददाता, बिल्सी

- जांच में कम मिला गेहूं, चावल व बाजरा का स्टॉक
- 60 राशन कार्डधारकों ने बयान भी कराए गए दर्ज

**अमृत विचार :** नगर क्षेत्र में एक उचित राशन विक्रेता द्वारा वितरण में लगातार बरती जा रही अनियमितताओं के आरोप में पूर्ति विभाग ने एफआईआर दर्ज कराई है। जिसके बाद क्षेत्र के सभी विक्रेताओं में खलबली मच गई है।

पूर्ति निरीक्षक धीरज कुमार गुप्ता ने बताया कि 17 मार्च को एसडीएम प्रवर्धन शर्मा ने पूर्ति विभाग के साथ नगर समेत क्षेत्र की कई राशन वितरण की दुकानों का औचक निरीक्षण किया। नगर के मोहल्ला संख्या तीन स्थित उचित दर विक्रेता सुनील कुमार की दुकान पर पंहुचे। इस दौरान दुकान बंद पाई गई। विक्रेता के दूरभाष पर संपर्क कर दुकान पर उपस्थित होने के निर्देश दिए गए। दुकान का भौतिक सत्यापन कराया गया। विक्रेता की दुकान पर रेट बोर्ड, साइन बोर्ड, डीजीआरओ बोर्ड व कार्डधारकों की सूची चस्पा पाई गयी।

खाद्यान्न का भौतिक सत्यापन किया गया तो यहां 117 कट्टे चावल, 10 कट्टे गेहूं एवं 25 कट्टे बाजरा मौके पर मिले। माह अप्रैल के खाद्यान्न उठान की ऑनलाइन स्थिति देखने पर ज्ञात हुआ कि विक्रेता का माह अप्रैल का चावल एफसीआई गोदाम से 16 मार्च को डिस्पेच हो चुका है। परन्तु विक्रेता के खाद्यान्न की ऑनलाइन रिसिविंग प्रदर्शित नहीं हो रही थी। दुकान में मौके पर उपलब्ध पाये गये खाद्यान्न, विभागीय वेबसाईट, ई-पॉश मशीन, चालान के आधार पर स्पष्ट हुआ कि विक्रेता की दुकान में लगभग तीन क्विंटल गेहूं, 27 क्विंटल चावल तथा चार क्विंटल बाजरा कम पाया गया। इस संबंध में विभाग ने करीब 60 राशन कार्डधारकों के बयान भी लिए। जिसमें सभी ने बताया कि उनको राशन निर्धारित मात्रा से कम मिलता है। इसके बाद विभाग ने विक्रेता के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है।

## किशोरी के अपहरण में दो दोषियों को सात-सात साल की सजा

**बदायूं, अमृत विचार :** विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट दीपक यादव ने किशोरी को बहला-फुसलाकर अपहरण करने के दो आरोपियों को दोषी करार देते हुए सात-सात साल की सजा और 10-10 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जबकि तीसरा आरोपी नाबालिग होने की वजह से मामला संभल जिले के किशोर न्याय बोर्ड में विचाराधीन है।

अभियोजन पक्ष के अनुसार वादी मुकदमा ने जिला संभल के थाना गुन्नौर पुलिस को 15 फरवरी 2016 को तहरीर दी थी। जिसमें उन्होंने बताया कि 12 फरवरी 2016 को उनकी बेटी रात 9 बजे घर से बाहर गई थी। करण सिंह पुत्र राजू और रोहताश पुत्र कल्लू और एक नाबालिग फुसलाकर उसका अपहरण करके ले गए। पूरी रात तलाशने के बाद भी बेटी का कहीं पता नहीं चला। नाबालिग की पत्रावली पृथक की गई। जो संभल के किशोर न्याय बोर्ड में चल रही है। विवेचक रक्षपाल सिंह ने बाकी दोनों आरोपियों के खिलाफ कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया, जिसके बाद से मामला कोर्ट में विचाराधीन था।

# औषधि निरीक्षक ने मेडिकल स्टोरों पर मारा छापा, हड़कंप

कार्यालय संवाददाता, बदायूं



मेडिकल स्टोर पर अभिलेख चेक करते औषधि निरीक्षक।

- बिल वाउचर न दिखा पाने वाले मेडिकल स्टोर संचालकों को जारी किया नोटिस

**अमृत विचार:** औषधि निरीक्षक ने शहर के तीन मेडिकल स्टोरों पर छापा मारा। इस दौरान उन्होंने उनके अभिलेख चेक किए लेकिन मेडिकल संचालक बिक्री करने और खरीदने वाली दवाओं से संबंधित बिल वाउचर नहीं दिखा सके। इस पर तीनों को नोटिस जारी किया गया है। साथ ही अभिलेख न दिखा पाने की दशा में लाइसेंस निलंबित करने की चेतावनी दी है।

औषधि निरीक्षक लव कुश प्रसाद ने शहर में संचालित मेडिकल स्टोरों पर छापा मारा। उन्होंने लावेला चौक स्थित संचालित स्टार मेडिकल स्टोर, कुमार मेडिकल स्टोर और गोपी चौक स्थित विजय मेडिकल स्टोर पर पहुंचकर दवाइयों को चेक किया। साथ ही उनसे दवाइयों की खरीद और बिक्री से संबंधित बिल वाउचर मांगे, परंतु मेडिकल संचालक अधिकारी को बिल वाउचर उपलब्ध कराने में असमर्थ रहे। इस पर औषधि निरीक्षक ने मेडिकल संचालकों को नोटिस जारी किया है। साथ ही चेतावनी दी है कि अगर उनके द्वारा बिल वाउचर उपलब्ध नहीं कराए गए तो लाइसेंस निरस्त कर दिया जाएगा।

**लोस चुनाव** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर तेज की गई तैयारी, अफसरों ने दिए निर्देश

# मतदाताओं की उंगली पर लगेगी मैसूर की स्याही

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- कृषि विभाग को मिली 2860 निर्वाचन किट तैयार करने की जिम्मेदारी

**अमृत विचार:** इस चुनाव में भी लोकसभा चुनाव में इस्तेमाल होने वाली अमिट स्याही मैसूर से आ रही है। इसकी एक शीशी प्रत्येक पोलिंग पार्टी को दी जाने वाली निर्वाचन किट में रखा जाएगा। निर्वाचन किट तैयार करने की जिम्मेदार कृषि विभाग को मिली है। विभाग 2860 किटों को तैयार करने में जुटा है।

जिला प्रशासन लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारियों में तेजी से लगा है। बदायूं संसदीय सीट पर सात मई को वोट डाले जाएंगे। तैयारियों में जुटे प्रशासन द्वारा विभागों के लिए जिम्मेदारियां बांटी गई हैं। इसमें कृषि विभाग को निर्वाचन किट तैयार करने की जिम्मेदारी दी गई है। कृषि विभाग 2860 निर्वाचन किट तैयार कर रहा है, जिन्हें सात मई को होने वाले चुनाव से एक दिन पहले पोलिंग पार्टियों को दी जाएगी। कृषि अधिकारियों ने बताया कि अमिट स्याही को लखनऊ निर्वाचन आयोग से उपलब्ध हो गया है। यह स्याही देशभर में एक ही स्थान मैसूर में तैयार होती है। इसकी एक शीशी को निर्वाचन किट के साथ रखा जाएगा।

> निर्वाचन किट तैयार करने की जिम्मेदारी मिली है। इस बार 2860 निर्वाचन किट तैयार की जा रही हैं। जिन्हें पोलिंग पार्टियों की रवानगी के दौरान दिया जाएगा। – **मनोज कुमार**, उप कृषि निदेशक।

### जोनल और सेक्टर मजिस्ट्रेट को भी मिलेगी निर्वाचन किट

कृषि उप निदेशक मनोज कुमार ने बताया कि 2860 निर्वाचन किट को 2577 पोलिंग पार्टियों के अलावा 24 जोनल, 225 सेक्टर और निर्वाचन कार्य में लगाए गए 34 स्टेटिक मजिस्ट्रेट को दी जाएगी। बताया कि पोलिंग पार्टियों के अलावा जोनल, सेक्टर और स्टेटिक मजिस्ट्रेट को किट इसलिए दी जाती है कि अगर किसी पार्टी की किट खो जाए, या पानी में भीग जाए तो तुरंत उन्हें उपलब्ध कराई जा सके।

### निर्वाचन किट में यह वस्तुएं रहेंगी शामिल

पेंसिल, बॉल पेन (लाल, नीला, सिल्वर), आलपिन, सीलिंग वॉक्स, गोंद, ब्लेड, मोमबत्ती, धागा, रबर बैंड, सेलो टेप, माचिस, एक सीसी अमिट स्याही, स्टाम्प पैड, पैड इंक, सूजा, सुतली धागा, धातु का स्केल, कैरी बैग (छोटा, बड़ा) सफेद कागज, कार्बन पेपर, अमिट स्याही, स्ट्रॉ बोर्ड आदि।

# गन्ना खत्म होने पर शेखूपुर चीनी मिल की गई बंद

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- साढ़े तेरह करोड़ की देनदारी चुकता करने की तैयारी शुरू
- गन्ना किसानों को अब तक हुआ 33 करोड़ का भुगतान

**अमृत विचार :** सहकारी चीनी मिल शेखूपुर पर गन्ना खत्म हो जाने के कारण बुधवार को पेराई बंद कर दी गयी।

पिछले साल 25 नवंबर से शुरू हुई शेखूपुर चीनी मिल लगातार गन्ने की पेराई करती रही। मिल की मरम्मत ठीक होने के कारण पेराई सत्र के दौरान मिल एक दिन को भी बंद नही हुयी। पिछले दस दिन से मिल का गन्ना कम होने लगा था जिसे मिल प्रशासन ने गन्ना विभाग को पहला नोटिस भेज कर मिल की स्थिति से अवगत करा दिया उसके बाद दूसरा नोटिस देकर बताया कि अब मिल रुक रुक कर चल रही है जिसके बाद बुधवार शाम को मिल ने पूरे गन्ने की पेराई करने के बाद मिल को बंद कर दिया। मिल प्रशासन द्वारा दो दिन पहले चीनी उत्पादन की स्थिति को बेहतर बताया गया था। चीनी मिल के जनरल मैनेजर किशन लाल ने बुधवार को बताया कि गन्ना किसानों को करीब 33 करोड़ का भुगतान कर दिया गया है। अब साढ़े 13 करोड़ की देनदारी की तैयारी शुरू कर दी गई है।




The Ano Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)

Video Recto Scope
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा
बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula)
एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज

क्लीनिक का पता
एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ
7388913338
8005423919
www.anorectalclinic.com

रमज़ान मुबारक
21 मार्च 2024 दसवां रोज़ा इफ्तार 6:29
22 मार्च 2024 ग्यारहवां रोज़ा सहरी 4:51
माह-ए-रमज़ान की दिली मुबारकबाद
लाइफ केयर हॉस्पिटल
निकट बी.आर.बी. स्कूल, बरेली रोड, बदायूँ
मो. इमरान चौधरी
डायरेक्टर
विशेष सुविधाएं :
● हड्डी के समस्त प्रकार के इलाज व ऑपरेशन की सुविधा। ● महिलाएं के समस्त प्रकार के इलाज व ऑपरेशन की सुविधा। ● बी.पी., शुगर व डेंगू के मरीजों के लिए विशेष इलाज की सुविधा। ● आई.सी.यू. की सुविधा।
24 घण्टे मेडीकल व इमरजेंसी सुविधा उपलब्ध
पैथोलॉजी की सुविधा उपलब्ध
9758669652, 8474913186

शिव इन्टरप्राईजेज फोम एण्ड प्लाई

गद्दे, सोफे का सामान, पर्दे, प्लाई बोर्ड, दरवाजे, सनमाइका
हार्डवेयर, फर्नीचर
सिकलापुर, बरेली
9897245877

# दोहरा हत्याकांड: आयुष के शरीर पर मिले छुरे के 14 निशान

## बड़े भाई की हत्या के बाद छोटे भाई की कलाई पर चलाया छुरा, फिर रेत दिया गला, स्थिति पर काबू पाने के लिए चप्पे-चप्पे पर तैनात पुलिस

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** दो भाइयों की निर्मम हत्या के दूसरे दिन भी शहर में तनाव का माहौल रहा। स्थिति पर नियंत्रण के लिए पुलिस और प्रशासन के अधिकारी पूरे दिन मुस्तैद रहे। बुधवार को दोंनों भाइयों के शवों का पोस्टमार्टम हुआ तो हत्यारोपियों की निमर्मता सामने आई। इस दौरान पता चला कि बड़े भाई ने हत्यारोपी के हमले से बचने की कोशिश की थी लेकिन छोटा भाई तो विरोध भी नहीं कर पाया था। बड़े भाई के शरीर पर छुरे के 14 निशान मिले हैं जबकि छोटे भाई के हाथ पर चोट का निशान था। दोनों के छुरे से कई बार गले रेते गए थे। वहीं हत्यारोपी के मुठभेड़ में मारे जाने के मामले में डीएम ने मजिस्ट्रेट से जांच कराने के आदेश दिए हैं।

मंगलवार की शाम हुई घटना ने हर किसी को झकझोर कर रख दिया। बाबा कॉलोनी नई बस्ती निवासी ठेकेदार विनोद कुमार के बेटे आयुष (13) और आहान उर्फ हन्नू (6) की छुरे और उस्तरा से गला काटकर हत्या कर दी गई। आक्रोशित भीड़ ने बवाल किया। जगह-जगह आगजनी की। हत्यारोपियों के चाचा कमरुद्दीन के मंडी समिति, बाबा कॉलोनी में नौशे, कयामुद्दीन के डायट के पास स्थित खोखे में आगजनी की थी। मंडी चौकी पर बवाल किया था। गुस्साये लोग बच्चों के शव घर से नहीं उठने दे रहे थे। कई थानों का बल होने के बाद भी पुलिस शव नहीं उठा सकी तो सीमा सुरक्षा बल पहुंची। तब जाकर शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

डीएम मनोज कुमार और एसएसपी आलोक प्रियदर्शी पूरा समय फोर्स के साथ डटे रहे। जिला अस्पताल के दो चिकित्सक त्वचा रोग विशेष डॉ. श्रीपाल और फिजीशियन डॉ. जीके गुप्ता के पैनल ने बुधवार सुबह 9 बजे शवों का पोस्टमार्टम किया। आयुष के शरीर पर गर्दन के अलावा कंधे, पीठ, हाथ, सिर आदि पर चोट के 14 निशान थे। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर साफ हो रहा है कि हत्यारोपियों ने उसे छुरे से मारने की कोशिश की होगी तो आयुष ने अपना बचाव किया होगा। बचाव के दौरान हत्यारोपी छुरे और उस्तरा से वार करता रहा। आयुष के अचेत होने पर हत्यारोपी ने उसका गला रेत दिया लेकिन 6 साल का आहान उर्फ हन्नू हत्यारोपी का विरोध तक नहीं कर सका। उसकी कलाई पर चोट का निशान था। हत्यारोपी ने दोनों की गर्दन जघन्य तरीके से रेती थीं। गर्दन पर छुरा रखकर फेरता रहा। दोनों की गर्दन आधी अलग हो गई थीं। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों ने दोनों के शव कछला ले जाकर दफन कर दिए। जिसके बाद मुठभेड़ में ढेर हुए हत्यारोपी साजिद के शव का पोस्टमार्टम हुआ। इस दौरान वीडियोग्राफी भी कराई गई। पुलिस की तीन गोलियां लगने से उसकी मौत हुई थी। दो गोली उसके सीने और एक गोली पेट के बगल में लगी थी। पुलिस ने मृतक बच्चों के पिता की तहरीर पर कस्बा सखानू निवासी दो सगे भाई साजिद व जावेद उर्फ बाबू के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। साजिद को मुठभेड़ के दौरान पुलिस ने मार गिराया वहीं दूसरे आरोपी की पुलिस तलाश कर रही है। एसएसपी आलोक प्रियदर्शी ने बताया कि फरार आरोपी की धरपकड़ के लिए पांच टीमें गठित की गई हैं।

इधर, आरोपी साजिद के एनकाउंटर के जांच करने का आदेश जिला मजिस्ट्रेट अधिकारी मनोज कुमार की ओर से दिए गए हैं। उन्होंने इसकी कमान सिटी मजिस्ट्रेट अरुण कुमार के हाथों में सौंपी है। सिटी मजिस्ट्रेट ही इस पूरे एनकाउंटर के जांच की रिपोर्ट तैयार करेंगे। जिसे 15 दिन के अंदर जिला मजिस्ट्रेट को उन्हें सौंपनी होगी।


मृतक आयुष।


मृतक आहान उर्फ हन्नू।

● डीएम ने दिए पुलिस मुठभेड़ की मजिस्ट्रेटी जांच कराने के निर्देश

### सिटी मजिस्ट्रेट करेंगे पुलिस मुठभेड़ की जांच

पुलिस मुठभेड़ के दौरान आत्मरक्षा में चलाई गई गोली से हत्यारोपी साजिद की मौत होने की बात कह रही है। इसे लेकर सवाल उठने लगे हैं। डीएम मनोज कुमार ने मुठभेड़ की मजिस्ट्रेट जांच कराने के आदेश दिए हैं। उन्होंने इसकी जिम्मेदारी सिटी मजिस्ट्रेट अरुण कुमार को सौंपते हुए 15 दिन के अंदर रिपोर्ट देने को कहा है।।

### शासन ने मांगी रिपोर्ट

**बदायूं।** शासन ने रिपोर्ट डीएम से मांगी है। घटना के बाद से ही शहर में स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। शहर में भारी संख्या में पुलिस बल को तैनात किया गया है। मंडल स्तर के अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच रहे हैं। वहीं शासन स्तर से मांगी गई पूरी घटना की जानकारी डीएम से मांग ली गई। उनके द्वारा घटना से शासन को अवगत कराया गया है।

### हत्यारोपियों पर हत्या और जानलेवा हमले की रिपोर्ट दर्ज

**बदायूं।** दो आरोपी भाइयों के खिलाफ हत्या, जानलेवा हमला और जबरन घर में घुसने की रिपोर्ट दर्ज की गई है। रिपोर्ट दर्ज करने के बाद पुलिस ने एक हत्यारोपी को मुठभेड़ में मार गिराया जबकि दूसरा हत्यारोपी फरार है। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। शहर के बाबा कॉलोनी नई बस्ती निवासी विनोद कुमार के बेटे आयुष और आहान प्रताप उर्फ हन्नू की पास में सैलून चलाने वाले युवक ने गला रेतकर निर्ममतापूर्वक हत्या कर दी थी। मृतक बच्चों के पिता ने कस्बा सखानू निवासी दो सगे साजिद व जावेद उर्फ बाबू के खिलाफ तहरीर दी। इसमें उन्होंने बताया कि दोनों बाइक से उनके घर पर आए थे। बाइक गेट के बाहर खड़ी करने के बाद साजिद घर में घुसा और जावेद बाहर खड़ा रहा। घर पर विनोद की पत्नी संगीता, मां होमगार्ड मुन्नी देवी, तीन बेटे आयुष, पीयूष और आहान प्रताप थे। साजिद ने संगीता से कहा कि उसकी पत्नी की डिलीवरी होनी है। उसे पांच हजार रुपये चाहिए। चिकित्सक ने रात 11 बजे का समय दिया है। संगीता ने कहा रुको अभी लेकर आती हूं। उसने पीयूष को गुटखा लेने भेज दिया। जिसके बाद छोटे बेटे आहान प्रताप के साथ छत पर चला गया। जहां दोनों बच्चों की हत्या के बाद जावेद भाग गया और भीड़ ने साजिद को पकड़ लिया। बाद में वह भी फरार हो गया, जो कि मुठभेड़ में मारा गया।


साजिद का फाइल फोटो।


जावेद, फरार हत्यारोपी।

### अपहरण के बाद हत्या, डर से छोड़ा था गांव

**बदायूं।** हत्यारोपी साजिद और जावेद का परिवार थाना अलापुर क्षेत्र के कस्बा सखानू में रहता था। वह लोग अपनी मां नाजरीन के गांव उपरैला में रहते थे। साल 1989 में गांव निवासी 12 साल के हसनू पुत्र जफरुद्दीन की अपहरण के बाद हत्या कर दी गई थी। जिसमें साजिद के पिता बाबू का नाम भी सामने आया था लेकिन उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हो सकी थी। हसनू के परिवार के डर की वजह से बाबू गांव उपरैला से कस्बा सखानू में शिफ्ट हुए थे।

### हत्यारोपी के पिता और चाचा से चल रही पूछताछ

दोहरे हत्याकांड का एक आरोपी जावेद अभी फरार चल रहा है। पुलिस ने कई जगह दबिश दी लेकिन उसका कहीं पता नहीं चल सका। जिसके चलते पुलिस ने कस्बा सखानू से जावेद के पिता बाबू और चाचा को हिरासत में लिया है। दोनों से पूछताछ की जा रही है।

### आचार संहिता की वजह से नहीं हुई घोषणा

लोकसभा चुनाव की वजह से आदर्श आचार संहिता लागू कर दी गई है। जिसमें नई योजनाओं का संचालन नहीं होगा और न ही बजट जारी किया जाएगा। सांसद डॉ. संघमित्रा ने कहा कि वर्तमान में आचार संहिता चल रही है। जिसके चलते पीड़ित परिवार की आर्थिक मदद नहीं की जा सकती। पीड़ित परिवार का हरसंभव सहयोग किया जाएगा।

### लखनऊ से लिया जा रहा अपडेट

**राज्य ब्यूरो, लखनऊ :** बदायूं में दो बच्चों की हत्या और एनकाउंटर को लेकर उठ रहे सवालों के बीच पुलिस मुख्यालय में सरगर्मी तेज नजर आयी। बुधवार सुबह तक यह मामला बदायूं और आसपास तक ही केंद्रित था, लेकिन 10 बजे के बाद पुलिस मुख्यालय के आला अफसर अलर्ट हो गए। एक आरोपी के एनकाउंटर के बाद दूसरे आरोपी की तलाश को लेकर हर आधे घंटे पर घटना और यथास्थिति को लेकर अपडेट लिया जाने लगा। आला अफसर मीडिया को जवाब देने से कतराते रहे। बदायूं में इस घटना के बाद बुधवार को राजधानी का राजनीतिक तापमान गर्म हो गया। कांग्रेस और सपा ने जहां एक तरफ यूपी सरकार को कानून व्यवस्था के नाम पर घेरना शुरू कर दिया। वहीं सोशल मीडिया में बवाल शुरू हो गया। हालात देखते हुए पुलिस मुख्यालय भी अलर्ट हुआ और लगातार कार्रवाई को लेकर आला अफसर जोन के आईजी और एसपी से अपडेट लेते रहे। एक आरोपी का एनकाउंटर हो जाने के बाद पुलिस मुख्यालय में मीडिया कर्मियों ने आला अफसरों से सवाल भी पूछने चाहे, लेकिन अफसरों ने जवाब न देते हुए कार्रवाई में जुटे होने का हवाला दिया। दोपहर दो बजते ही एक अधिकारी को लोकभवन भी बुला लिया गया। दूसरे आरोपी की गिरफ्तारी के लिए भी अधिकारी लगातार अपडेट लेते रहे। मुख्यालय पर लगातार हलचल मची रही।

## हत्यारोपी की मां बोली - गलत करने का सही हुआ अंजाम

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** सिविल लाइन क्षेत्र की बाबा कॉलोनी के नई बस्ती निवासी विनोद कुमार के दो बेटों की निर्मम हत्या के तीन घंटों के बाद ही पुलिस ने एक हत्यारोपी को मुठभेड़ में मार गिराया जबकि दूसरा हत्यारोपी उसका भाई फरार है। हत्यारोपियों की मां नाजरीन ने कहा कि पता नहीं किसी के दिमाग में क्या चल रहा है। दोनों बेटे साजिद और जावेद सुबह खाना खाकर जाते थे और रात को लौटते थे। किसी से भी कोई रंजिश नहीं थी। दोनों बच्चों की मौत पर बहुत दर्द है। मुठभेड़ में बेटा साजिद की मौत पर उन्होंने कहा कि जो भी हुआ है, वो सही है। जब गलत करोगे तो अंजाम भी ऐसा ही होगा।


हत्यारोपी की मां नाजरीन।

### पिता के बोल : बहुत बुरा किया उसने

हत्यारोपी के पिता बाबू ने बताया कि साजिद रोज सुबह दुकान जाकर शाम को आता था। मंगलवार को सुबह गया नहीं। कुछ देर के बाद गया तो बताया कि किसी का फोन आया है। वह कोई नशा नहीं करता था। बस पुड़िया खाता था। मंगलवार को अपनी दुकान बंद करके आए तो किसी ने बताया कि साजिद की गांव के पास अड्डे पर किसी से लड़ाई हो गई है तो वो वहां गए थे। रात को दो बच्चों की हत्या की सूचना मिली। बहुत बुरा किया उसने।


जानकारी देता हत्यारोपी का पिता बाबू।

### 15 दिन से मायके में रह रही है हत्यारोपी की पत्नी

हत्यारोपी साजिद की पत्नी सानी न तो गर्भवती है और न ही अस्पताल में भर्ती है। वह 15 दिनों से अपने मायके थाना बिनावर क्षेत्र के गांव ददमई में रह रही है। उसकी आठ दिन पहले पति से बात हुई थी। जिसके बाद से उसकी बात नहीं हुई। इससे पहले उनका तीन बार गर्भपात हो चुका है।


हत्यारोपी साजिद की पत्नी सानी।

## भागीरथी घाट पर दफन हुए दोनों भाइयों के शव

संवाददाता, कछला

**अमृत विचार :** बुधवार सुबह नौ बजे दोनों भाइयों के शवों का पोस्टमार्टम हुआ। पुलिस ने शव परिजनों को सौंप दिए। दोपहर लगभग 12 बजे परिजन दोनों के शव कछला स्थित भागीरथी घाट ले गए। गमगीन माहौल में दोनों भाइयों को एक साथ दफन किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता, कादरचौक के पूर्व विधायक धर्मेंद्र शाक्य और पूर्व एमएलसी जितेंद्र यादव व आदि कछला पहुंचकर श्रद्धांजलि दी।

पुलिस ने मंगलवार देर रात शवों को पोस्टमार्टम हाउस पर रखवाया था। सुबह पैनल के दोनों चिकित्सकों ने समय से पोस्टमार्टम शुरू किया। दोनों के शवों का डेढ़ घंटे तक पोस्टमार्टम हुआ। पुलिस ने शवों को उनके परिजनों को सौंपा। परिजन शवों को कछला स्थित भागीरथी घाट ले गए। जहां जेसीबी से गड्ढा कराकर दोनों भाइयों के शवों को दफन कराया गया। वहीं, पोस्टमार्टम के बाद हत्यारोपी साजिद का शव पुलिस की मौजूदगी में कस्बा सखानू के कब्रिस्तान पहुंचा। बदायूं में पोस्टमार्टम के दौरान ही कब्र खोदकर तैयार कर ली गई थी। उसका शव दफन कराया गया।

**बच्चों की हत्या पर जताया दुख, दी श्रद्धांजलिः दातागंजः** तहसील वार वेलफेयर एसोसिएसन के अधिवक्ताओं ने एक शोक सभा का आयोजन कर दो बच्चों की निर्मम हत्या की कड़ी शब्दों में निदा करते हुए शोक श्रद्धांजलि दी। अधिवक्ताओं ने कहा कि यदि पीड़ित परिवार को कानूनी सलाह की जरूरत होगी तो निःशुल्क सलाह दी जाएगी और परिवार को पूरा सहयोग किया जाएगा। शोक सभा में आशा दीक्षित, त्रिवेन्द्र सिंह, राजवीर सिंह, राजेन्द्र कुमार, सर्वेश सक्सेना, जसवीर सिंह, दिनेश शर्मा, अतुल सिंह, सतेंद्र पाल, जितेन्द्र सिंह, सुखपाल सिंह, सोनपाल सिंह आदि रहे।


दोनों बच्चों के शव दफन करने के बाद श्रद्धांजलि देते भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव कुमार गुप्ता, पूर्व विधायक धर्मेंद्र शाक्य और पूर्व एमएलसी जितेंद्र यादव।


बेटों की मौत पर विलाप करतीं संगीता।

● भाजपा जिलाध्यक्ष, पूर्व विधायक आदि ने पहुंचकर दी श्रद्धांजलि

### रात में बरेली से आए पैनल में शामिल चिकित्सक

पुलिस ने मंगलवार रात शव घर से उठाए और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया लेकिन गुस्साए लोगों के बवाल करने की वजह से पुलिस उन्हें शांत कराने में लगी रही। बरेली निवासी एक चिकित्सक को पोस्टमार्टम पैनल में शामिल करते हुए सूचना भी दी गई। वह रात में ही पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे। पता चला कि बुधवार को पोस्टमार्टम होगा तो वह यहीं रुक गए।

## बच्चों की बलि को लेकर होती रही चर्चा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** दो बच्चों की निर्मम तरीके से हत्या के बाद हर किसी के पास बस सवाल हैं आखिर दोनों बच्चों को इतनी निर्दयता से क्यों मारा गया ? क्या हत्यारोपी उनकी बलि देना चाहते थे या किसी ने प्लानिंग के तहत हत्या कराई थीं। हत्याकांड में किसी और के शामिल होने की बात से भी इंकार नहीं किया जा सकता। सवाल हैं लेकिन जवाब का सभी को इंतजार है। पहले हत्यारोपी साजिद के एनकाउंटर के बाद दूसरे हत्यारोपी जावेद की गिरफ्तारी के बाद ही स्पष्ट होगा।

हत्याकांड के बाद जिसने भी घटना सुनी मौके पर जा पहुंचा। सभी के चेहरे पर रोष, महिलाओं की आंखों में आंसू थे। लोग हत्याकांड को बलि से जोड़कर चर्चा कर रहे हैं लेकिन बलि की घटनाएं कब्रिस्तान या सूनसान जगह पर होने के केस सामने आए हैं। वहीं मृतक बच्चों के परिजनों ने मांग है कि जावेद को जल्द पकड़कर पूछे कि उसने ऐसा क्यों किया। क्या किसी ने करवाया है। **हत्यारोपी ने पुलिस पर किए थे छह-सात राउंड फायरः** हत्यारोपी गौरी शंकर मंदिर से इकलहरी मुजाहिदपुर से होते हुए शेखूपुर के जंगल के पास हत्यारोपी साजिद ने पुलिस की टीम पर गोली चला दी। उसने पुलिस पर छह-सात राउंड फायर किए तो पुलिस ने भी फायर किए। गोली लगने पर हत्यारोपी गिर पड़ा, फिर उसने दो बच्चों की हत्या की बात कबूल की। घायल हत्यारोपी को अस्पताल लाया गया। जहां उसकी मौत हो गई।

### फरार हत्यारोपी पर 25 हजार का इनाम घोषित

**बदायूं।** पुलिस ने दोहरे हत्याकांड को अंजाम देने वाले एक हत्यारोपी से पुलिस की मुठभेड़ हुई। घायल हत्यारोपी को जिला अस्पताल लाया गया। जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया था। वहीं, दूसरे हत्यारोपी की पुलिस तलाश कर रही है लेकिन उसका कहीं पता नहीं चल सका है। जिसके चलते हत्यारोपी जावेद पर पुलिस ने 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया है। वहीं उसको पकड़ने के लिए टीमों की संख्या भी बढ़ाई गई है। पुलिस की 24 टीमों को हत्यारोपी के गिरफ्तारी के लिए लगाया है।

## कई संगठनों में आया उबाल, बाजार बंद कराने की हुई कोशिश, हड़कंप

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचारः** दो बच्चों की निर्मम हत्या के बाद कई संगठनों में बुधवार को उबाल देखने को मिला। उनके द्वारा बाजार बंद कराने की कोशिश की गई। सूचना मिलते ही प्रशासन में हड़कंप मच गया। आनन फानन में एडीएम प्रशासन मौके पर पहुंचे। उन्होंने पदाधिकारियों को समझाया, जो सफल रहा। इसके बाद उन्होंने एसएसपी कार्यालय पहुंचकर शेष बचे आरोपी को फंदे और उसके घर को ढहाने की मांग करते हुए मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन एसएसपी को सौंपा। इधर, घटना की वजह से लोगों के विरोध के कारण दूसरे समुदाय के लोगों ने दुकानें नहीं खुलीं, उनमें ताले लटके रहे।

बुधवार को विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल और दुर्गा वाहिनी दलों के कार्यकर्ता और पदाधिकारियों की पहले बैठक हुई। इसके बाद वह बाजार बंद कराने की कोशिश करने लगे। इंद्रा चौक के आस पास की कई दुकानों को हिंदू संगठनों के कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों ने बंद भी करा दिया। बाजार बंद कराने की सूचना मिलते ही प्रशासन में हड़कंप मच गया। डीएम के आदेश पर एडीएम प्रशासन रेनू सिंह और अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। उनके द्वारा समझाने का प्रयास किया गया। कड़ी मशक्कत के बाद वे लोग मान गए। इसके बाद बजरंग दल, विश्व हिन्दू परिषद के पदाधिकारियों ने एसएसपी कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन एसएसपी आलोक प्रियदर्शी को सौंपा। जिसमें उनके द्वारा शेष बचे आरोपी को फांसी की सजा दिए जाने और उसके घर पर बुलडोजर चलाने की मांग की। इधर, हत्याकांड को लेकर बुधवार देर शाम किसी ने गुस्सा दिखाया। कोतवाली सिविल लाइन क्षेत्र में ओवरब्रिज से जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान मार्ग पर ब्रजपाल श्रीवास्वत के चाय के खोखे में आग लगा दी।


कई संगठनों के पदाधिकारियों से वार्ता करते प्रशासनिक अधिकारी।

### संवेदनशील चौराहों पर मुस्तैद रही पुलिस

**बदायूं।** दो बच्चों की हत्या की घटना के बाद से शहर में तनाव है। पुलिस ने शहर के सभी संवेदनशील चौक चौराहों पर गश्त शुरू कर दी है। हर आने जाने वाले पर कड़ी नजर रखी जा रही है। कई संगठनों में पनपे रोष को देखते हुए पुलिस ने गलियों और मोहल्लों में भी गश्त की है। शहर की बाबा कॉलोनी में हुए दोहरे हत्याकांड के बाद बुधवार को पुलिस प्रशासन ने पूरे शहर को छावनी में तब्दील कर दिया। माहौल को शांत बनाए रखने के लिए चौराहों पर पुलिस और पीएसी के जवानों को तैनात किया है। नई सराय पुलिस चौकी प्रभारी अनिल राणा ने पीएसी के साथ रजी चौक पर सुबह आठ बजे से गश्त शुरू कर दी। दर्जन भर पुलिस और पीएसी के जवान रजी चौक, सुभाष चौक, कटरा ब्राह्मपुर, गद्दी चौक इलाके में गश्त करते रहे।

> घटना की स्थिति को देखते हुए सेक्टर और स्टेटिक मजिस्ट्रेट लगातार भ्रमण कर रहे हैं। उनके द्वारा पल पल के घटनाक्रम पर नजर रखी जा रही है। भारी संख्या में पुलिस बल भी तैनात किया गया है। किसी भी घटना से निपटने के लिए प्रशासन पूरी तरह से तैयार है।
>
> -रेनू सिंह, एडीएम प्रशासन।

### पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है कांग्रेस



**बदायूं।** शहर में दो बच्चों की नृशंस हत्या के उपरांत उनके घर कांग्रेस का प्रतिनिधिमंडल जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ओमकार सिंह के नेतृत्व में पहुंचा। कांग्रेसियों ने परिवारजनों से भेंट कर घटना की जानकारी ली एवं ढांढस बंधाया। जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष ओमकार सिंह ने शोक संवेदना प्रकट करते हुए कहा कि कांग्रेस इस दुख की घड़ी में आपके साथ है। आपको न्याय दिलाने के लिए भी आपके साथ है। प्रतिनिधिमंडल में जिला उपाध्यक्ष सुरेश सिंह राठौर, प्रदेश सचिव रजनी सिंह, जिला महिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष सुनीता सिंह मौजूद रही।



### बदायूं क्लब ने दी श्रद्धांजलि

**बदायूं।** बदायूं क्लब ने दो बच्चों की हुई दुखद हत्या पर दो मिनट का मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी गई। शोक सभा में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक विशाल ने कहा कि इस घटना की जितनी भर्त्सना की जाए वो कम है। ये मानवता के लिए कलंक है। दिवंगत बच्चों की आत्मा को शांति मिले यही प्रार्थना है। कवि डॉ. अक्षत अशोष ने श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर नगर संचालक सुनील गुप्ता, क्लब के सदस्य रविंद्र मोहन सक्सेना, नरेश चंद्र शंखधार, दीपक आदि उपस्थित रहे।

### घायल प्रभारी निरीक्षक ने शुरू किया काम

**बदायूं।** मंगलवार देर रात हत्यारोपी साजिद से पुलिस की मुठभेड़ हुई थी। साजिद ने पुलिस पर फायर किया था। गोली सिविल लाइन के प्रभारी निरीक्षक गौरव विश्नोई के हाथ को छूती हुई निकली। प्रभारी निरीक्षक ने इलाज कराकर काम शुरू कर दिया है।

## शहर में आज

- मुहल्ला स्वच्छता समिति की बैठक आवास विकास स्थित कैंप कार्यालय सुबह 10 बजे से।
- ऑपरेशन जागृति के तहत विभिन्न थाना क्षेत्रों में जागरुकता कार्यक्रम सुबह 10 बजे से।
- ब्राह्मण कल्याण सभा द्वारा तीर्थ नगरी सोरों में श्रीवराह भगवान परिक्रमा हरि की पौड़ी से शाम सात बजे से।

## एक नजर

### बाइक ने मारी टक्कर साइकिल सवार वृद्ध गंभीर घायल

**कासगंज।** सदर कोतवाली क्षेत्र में कासगंज अतरौली मार्ग पर गैस गोदाम के निकट बुधवार की सुबह लगभग सात बजे तेज रफ्तार बाइक चालक ने साइकिल को टक्कर मार दी। जिससे साइकिल सवार शहर के गंगेश्वर कालोनी निवासी रामेंद्र( 63 ) गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद बाइक चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंचे परिजन घायल को उपचार के लिए निजी अस्पताल ले गए हैं। मामले में कोई विधिक कार्रवाई नहीं हुई है।

### 50 लीटर कच्ची शराब सहित एक गिरफ्तार

**कासगंज।** अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत बुधवार को अमांपुर थाना पुलिस ने सूचना के आधार पर एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से 50 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई है। इंस्पेक्टर हरिभान सिंह राठौर ने बताया कि आरोपी आदेश कुमार निवासी गांव लक्ष्छिमपुर के विरुद्ध विधिक कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया है। जहां से उसके विरुद्ध अग्रिम कार्रवाई हुई है।

### नवांकुरों की काव्य गोष्ठी 22 को

**कासगंज।** नवांकुरों की सभा द्वारा काव्य गोष्ठी का आयोजन 22 मार्च को दोपहर साढे बारह बजे से तीर्थ नगरी सोरों में डॉ. राजीव बरबारिया के आवास पर होगा। यह जानकारी शिव आशीष दोनेरिया एवं गनेश यादव ने संयुक्त रूप से देते हुए बताया कि काव्य गोष्ठी का थीम होली के रंग काव्य के संग होगा। उन्होंने काव्य प्रेमियों से काव्य गोष्ठी में पहुंचने की अपील की है।

### पिकअप की टक्कर से बाइक सवार महिला घायल

**कासगंज।** सदर कोतवाली क्षेत्र में कासगंज–सोरों मार्ग पर पिकअप वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी। जिससे बाइक पर बैठी 45 वर्षीय शीला पत्नी नेत्रपाल निवासी नगला सूखा कोतवाली सोरों घायल हो गईं। घायल को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले में कोई विधिक कार्रवाई नहीं हुई है।

### वांछित को किया गिरफ्तार तमंचा बरामद

**कासगंज।** सहावर कोतवाली पुलिस ने वांछित आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिसके पास से एक तमंचा और दो कारतूस बरामद किए हैं। इंस्पेक्टर लोकेश सिंह भाटी ने बताया कि आरोपी रफ्फन निवासी मुहल्ला झंड़ापीर कस्बा सहावर को पूछताछ के बाद न्यायालय में पेश किया गया। जहां से अग्रिम कार्रवाई हुई है।

### दहेज हत्या का वांछित आरोपी भेजा जेल

**कासगंज।** दहेज हत्या के मामले में वांछित चले आ रहे आरोपी को सहावर थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर लोकेश सिंह भाटी ने बताया कि आरोपी सुमित कुमार निवासी गांव भटपुरा थाना सहावर के पर दहेज अधिनियम का मुकदमा दर्ज है। वह पुलिस की पकड़ से बाहर था। आरोपी को कोर्ट में पेश किया है। जहां से जेल भेजा गया।

# श्रद्धालुओं ने आंवला एकादशी पर लगाई पंचकोसीय परिक्रमा

## गंगा मैया और श्रीवराह भगवान की जयकार से गूंजा परिक्रमा मार्ग, मंदिरों में पहुंचे श्रद्धालुओं ने देव-दर्शन कर कमाया पुण्य

संवाददाता, सोरोंजी

**अमृत विचार :** आंवला एकादशी पर बुधवार को तीर्थ नगरी में श्रद्धालुओं द्वारा पंचकोसीय परिक्रमा लगाई गई। भगवान श्रीवराह और गंगा मैया की जय-जयकार से परिक्रमा मार्ग गुंजायमान हुआ। मंदिरों में पहुंचकर श्रद्धालुओं ने देवदर्शन किए। भगवान की पूजा कर पुण्य लाभ कमाया। जरूरतमंदों को दान दिया।

कस्बा सोरों में ब्राह्मण कल्याण सभा के तत्वावधान में सुबह आठ बजे वराह मंदिर विश्राम घाट प्रांगण से हरिकीर्तन के साथ परिक्रमा प्रारंभ हुई। तीर्थ यात्री परिक्रमा लगाते हुए गंगा मैया और वराह भगवान की जय-जयकार कर रहे थे। पंचकोसीय परिक्रमा हर की पौड़ी श्री गंगा की परिक्रमा लगाते हुए वराह गोशाला सूर्यकुंड होते हुए दूधाधारी मंदिर से बटुक भैरव मंदिर सीताराम जी मंदिर ग्राम देवी मंदिर तुलसीदास जन्म स्थान मंदिर होते हुए 84 घंटा पर परिक्रमारतियों ने विश्राम किया।



आंवला एकादशी पर तीर्थ नगरी सोरों में पंचकोसी परिक्रमा लगाते श्रद्धालुओं के साथ इंस्पेक्टर भोजराज अवस्थी। ● अमृत विचार

### गंगाघाटों पर पहुंचे स्नानार्थी, किया स्नान

आंवला एकादशी को रंग भरनी एकादशी भी कहा जाता है। मान्यता है कि इस दिन पवित्र नदियों में स्नान करने से कष्टों से छुटकारा मिलता है। इसी मान्यता के चलते सोरों के हरिपदी कुंड, कछला गंगा नदी, लहरा गंगाघाट और पटियाली के कादरगंज घाट पर सुबह से ही गंगा स्नान के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ रही। लोगों ने गंगा में डुबकी लगाई। गंगा मैया का पूजन किया। गंगा किनारे बालू से शिवलिंग बनाकर भगवान की पूजा की। जरूरतमंदों को दान दिया। कुष्ठ रोगियों को भोजन कराया।

पंचकोसीय परिक्रमा समिति के संयोजक शरद कुमार पांडे को शॉल ओढ़ाकर व पगड़ी पहनकर मुन्ना लाल बढ़गैया दीपक एवं उनके साथियों ने सम्मानित किया। शशांक दीक्षित, शिवानंद उपाध्याय, उपेंद्र उपाध्याय, विनोद दीक्षित, योगेश उपाध्याय, राजकुमार दीक्षित, राधे मोहन झा, प्रवीण द्विवेदी, जयप्रकाश दीक्षित, कन्हैया लाल भारद्वाज, चौधरी चक्की वाले, रामदयाल वर्मा, लाखन सिंह, खूब सिंह, भजनलाल, मुन्नालाल, हिमांशु उपाध्याय, जगदीश तिवारी, कुमकुम, ममता देवी, कुसुम लता, रोशनी, सर्वेश देवी सहित सैकड़ो श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### महिलाओं ने उपवास रख की आंवला की पूजा

**कासगंज, अमृत विचार :** आंवला एकादशी पर बुधवार को महिलाओं ने उपवास रखा। आंवला वृक्ष की पूजा कर परिवार की खुशहाली की कामना की। महिलाओं ने आंवला वृक्षों में भगवान विष्णु और माता महालक्ष्मी का स्वरूप मानते हुए पूजा की। वहीं शिव पार्वती की भी आराधना की। आंवला एकादशी की पूर्व संध्या पर मंगलवार को ही को लेकर घरों में तैयारियां कर ली गई थीं। बुधवार को महिलाएं सुबह स्नान आदि करने के बाद पार्कों एवं शहर के बाहरी क्षेत्रों में लगे आंवला के वृक्षों को पूजने के लिए पहुंचीं। जहां विधि विधान पूर्वक आंवला के वृक्ष की पूजा की और उपवास रखा। भगवान विष्णु और माता लक्ष्मी, भगवान शिव और पार्वती को साक्षी मानते हुए परिवार के कल्याण की कामना की और आंवला एकादशी की कथा सुनी। सुबह से लेकर दोपहर तक आंवला के वृक्षों की पूजा के लिए महिलाओं की भीड़ रही। घरों में भी पूजा की गई। उपवास तोड़ने से पहले महिलाओं ने ब्राह्मणों को भोजन कराया और दक्षिणा दी।



केके अपार्टमेंट में सामूहिक रूप से आंवला की पूजा करतीं महिलाएं।

- आंवला एकादशी पर की भगवान विष्णु, शिव पार्वती आराधना
- कथा सुनकर ब्राह्मणों को कराया भोजन, दी दक्षिणा

**घरों पर पूजा के लिए लाई गई आंवला की टहनी :** जहां वृक्षों की उपलब्धता नहीं हुई और ऐसी महिलाएं जो घरों से बाहर जाकर पूजा करने में असमर्थ थीं उन परिवारों में आंवले की टहनी को घर पर मांगवाकर ही पूजन किया गया। महिलाओं ने सामूहिक रूप से पूजा की और कथा सुनी।

> आंवले के वृक्ष में रोग प्रतिरोधक क्षमता विकसित करने वाले तत्व विद्यमान रहते हैं। आंवला विटामिन सी का प्रमुख स्रोत है। ऐसे में उनके वृक्ष के संपर्क में आने से भी लोगों को विटामिन सी आदि प्राप्त होता है। **–प्रदीप माहेश्वरी,** आयुर्वेदिक चिकित्सक

## वृद्धों की सेवा के लिए आगे आई स्टेट बैंक

**कासगंज, अमृत विचार:** वृद्धों की सेवा के लिए अब स्टेट बैंक में भी अपनी अहम भूमिका निभाई है। दैनिक जरूरत की वस्तुएं वृद्धाश्रम में पहुंचकर दान कीं। सहयोगी संस्थान ग्राम उद्योग के सहयोग से बैंक ने यह कदम उठाया है। वृद्धों के चेहरे पर खुशी दिखाई दी।

भारतीय स्टेट बैंक कृषि विकास शाखा कासगंज की ओर से वृद्धों की सेवा के लिए कदम आगे बढ़ाया गया। ग्राम उद्योग संस्थान छर्रा अलीगढ़ के सहयोग से बैंक के अधिकारियों ने वृद्धाश्रम पहुंचकर उनकी मदद की। नई हवेली स्थित आश्रम में जैसे ही बैंक के अधिकारी पहुंचे तो वृद्धों के चेहरों पर खुशी दिखाई दी। फिर अधिकारियों ने एलइडी टीवी, एक फ्रिज, वाशिंग मशीन, 10 पंखे, एक गीजर, दो अलमारी, 80 कंबल और 80 बेडशीट वृद्धों की सेवा के लिए भेंट कीं। बैंक के अधिकारियों द्वारा किए गए प्रयास के बाद वृद्ध काफी उत्साहित दिखे और उन्होंने अधिकारियों को आशीष दिया। कृषि विकास शाखा के प्रबंधक आरके सिंह ने बताया कि आगे भी वृद्धों की सेवा की जाती रहेगी।

## भव्यता के साथ मनेगा सराफा एसोसिएशन का होली समारोह



बैठक में होली मिलन समारोह की रणनीति तैयार करते कारोबारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- सराफा एसोसिएशन की बैठक में बनाई गई रणनीति

**अमृत विचार :** जिला सराफा एसोसिएशन की बैठक सोरों गेट स्थित सराफा कारोबारी के प्रतिष्ठान पर हुई। बैठक में एसोसिएशन के होली मिलन समारोह की भव्यता को लेकर रणनीति तैयार की गई और पदाधिकारियों को जिम्मेदारियां दी गईं।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष अनिरुद्ध, जिला संयोजक योगेश चंद्र गौड़, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजकुमार जाखेटिया ने कहा कि 22 मार्च की शाम 6:30 बजे से होटल शीतला पैलेस में आयोजित किया जाएगा। जिला महामंत्री दीपक गुप्ता ने बताया। बृज के कलाकार मनमोहक कार्यक्रम प्रस्तुत करेंगे। बैठक में विपुल गर्ग, राहुल बिडला, अर्पित अग्रवाल, विनय वर्मा, आशीष केला आदि मौजूद रहे।

## करंट से महिला की मौत

**एटा, अमृत विचार :** निधौलीकलां थाना क्षेत्र की रहने वाली एक महिला बुधवार को सुबह घर पर काम कर रही थी। तभी पास में रखे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण से करंट लग गया।

महिला अचेत होकर जमीन पर गिर गई। परिजन ने उसे मेडिकल कालेज में भर्ती कराया। बुधवार को सुबह करीब 6 बजे डाक्टर ने उसको मृत घोषित कर दिया। क्षेत्र के गांव अरजानपुर निवासी हेमा (36) पत्नी विजिन्द्र सिंह घर पर काम करते समय बिजली की चपेट में आ गई। करंट लगते ही वह बेहोश होकर जमीन पर गिर गई। देवर कमलेश ने परिजनों के साथ मिलकर उसको मेडिकल कालेज में भर्ती कराया। डाक्टर ने महिला को मृत घोषित कर दिया। महिला की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है।

## मामूली बात को लेकर कहासुनी तो रचा लूट का ड्रामा

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचारः** साहब! हमसे 98000 रुपए लूट लिए गए हैं। जल्दी पुलिस भेज दो। लुटेरे यहां से भाग चुके हैं। यह सूचना एक व्यक्ति ने पुलिस को दी। कहा वह अपने साथी के साथ आया है। सोरों से कासगंज जा रहा था और अब लूट हो गई है। इस सूचना के बाद पुलिस चकरघिन्नी बन गई। अफसर मौके पर पहुंचे। सीसीटीवी कैमरे खंगाले। बाद में सच्चाई कुछ और ही निकली। बाइक टकराने के बाद हुई आपसी कहासुनी को लेकर दो युवकों ने लूट की साजिश का ड्रामा रच दिया। सीसीटीवी कैमरे से जब खुलासा हुआ तो पुलिस ने झूठी सूचना देने के आरोपियों को हिदायत दी। हालांकि, फिर दोनों पक्षों के बीच माफीनामा हो गया।

मामला बुधवार दोपहर लगभग एक बजे का है। कासगंज-सोरों रोड पर बीएवी इंटर कॉलेज के सामने एक व्यक्ति ने पुलिस को सूचना दी कि उसके साथ लूट हो गई है। स्कूटी सवार व्यक्ति ने 98000 रुपये लूट लिए हैं। उसने पुलिस को बताया कि उसका साथी लवकुश भी उसके साथ था। यह लोग सोरों के गांव करुआवारा से कासगंज की ओर जा रहे थे और कासगंज की गंगेश्वर कॉलोनी में रहते हैं। लूट की सूचना पर पुलिस महकमे में खलबली मच गई। एएसपी राजेश कुमार भारती पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। उन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण किया। फिर पड़ोस में एक निजी स्कूल के सीसीटीवी कैमरे देखे। कमरों की फुटेज से पता लगा कि कोई लूट नहीं हुई। दो लोगों के बीच स्कूटी और बाइक टक्कर को लेकर कहासुनी हुई और उसके बाद लवकुश व उसके साथी ने लूट की झूठी सूचना दे दी। पुलिस ने पूरे मामले को गंभीरता से लिया। दोनों पक्षों को थाने में बैठाया। देर शाम दोनों पक्षों में माफीनामा हो गया और उन्हें पुलिस ने छोड़ दिया।



घटना स्थल पर लोगों से जानकारी लेते एएसपी राजेश कुमार भारती। ● अमृत विचार

- कई घंटे तक चकरघिन्नी बनी रही पुलिस, दौड़ते रहे अफसर
- सीसीटीवी कैमरा ने बयां की सच्चाई, बाद में माफी मांग कर छूटे

> लूट की झूठी सूचना दी गई थी। पुलिस मौके पर पहुंची। मैंने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया। सीसीटीवी कैमरे देखे, लेकिन सूचना पूरी तरह झूठी थी। हालांकि, बाद में दोनों पक्षों में समझौता हो गया। – **राजेश कुमार भारती,** एएसपी

## वीरांगना अवंतीबाई लोधी का बलिदान दिवस मनाया



वीरांगना अवंतीबाई के चित्र पर पुष्प चढ़ाते अखिल भारतीय लोधी महासभा के पदाधिकारी।

संवाददाता, अमांपुर

- लोधी महासभा के पदाधिकारियों ने चित्र पर चढ़ाए पुष्प

**अमृत विचार :** कस्बा के एसएन पब्लिक स्कूल परिसर में अखिल भारतीय लोधी महासभा ने 1857 की क्रांति की अमर शहीद वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी का बलिदान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम में वीरांगना के साहस की गाथा बताई गई। वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उनके बलिदान को याद किया गया। सभी ने उनके बताए गए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया।

प्रधानाचार्य रामजीलाल वर्मा ने कहा कि मध्य प्रदेश राज्य की तत्कालीन रामगढ़ रियासत की रानी अवंतीबाई लोधी का जन्म 16 अगस्त 1831 को हुआ था। 20 मार्च 1858 को छोटी सी उम्र में उन्होंने अंग्रेजों से देश की आजादी की लड़ाई लड़ते हुए अपने प्राणों की कुर्बानी दी थी। उन्होंने कहा कि रानी वीरांगना अवंतीबाई लोधी का बलिदान देश कभी नहीं भुला सकता। लक्ष्मण सिंह ने कहा कि हमें शहीदों की कुर्बानी से सीख लेनी चाहिए। डॉ. भगवान सिंह राजपूत, मंडल उपाध्यक्ष पुष्पेंद्र वर्मा ने कहा कि हमें उनके आदर्शों व विचारों को आत्मसात भी करना चाहिए। इस दौरान पूर्व जिला पंचायत सदस्य राजपाल सिंह, पीसी वर्मा, दिनेश वर्मा, पुष्पेंद्र वर्मा, पंकज राजपूत, प्यारे लाल, आदित्य नंदन, सुनील कुमार, कुलदीप सर, राजकुमार वर्मा, त्रिमल सिंह, राजकुमार, संजय वर्मा आदि उपस्थित रहे।

## मतदान केंद्रों पर दुरुस्त रहें व्यवस्थाएं

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** लोकसभा चुनाव शांति पूर्ण और निष्पक्ष कराने के लिए जिला प्रशासन कमर कस चुका है। बुधवार को एसपी ने पटियाली क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण कर बूथों का निरीक्षण किया। संबंधितों को व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। गांव की भौगोलिक स्थिति देखी। अर्द्धसैनिक बलों के साथ पैदल मार्च किया।

एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने केंद्रीय अर्द्धसैनिक बल व स्थानीय पुलिस के साथ कासगंज के ग्राम नगला देवी, थाना क्षेत्र सुन्नगढ़ी में पैदल मार्च किया। इस दौरान प्राथमिक विद्यालय नगला देवी बूथ थाना सुन्नगढ़ी का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मतदान केंद्र पर मतदान से पूर्व की तैयारियों को देखा, मतदान केंद्र के आसपास ईंट-पत्थर आदि हटाने व बिजली, पानी एवं प्रकाश की उचित व्यवस्था रखने तथा मतदान केंद्र पर सीसीटीवी कैमरों की दशा व दिशा सही करने, चिन्हित स्थानों पर बेरीकेडिंग करने, मतदान केंद्र एवं आसपास के क्षेत्रों में ड्रोन कैमरे से निगरानी रखने तथा मतदान केंद्र तक सुगम आवागमन व्यवस्था बनाए रखने निर्देश दिए। साथ ही दिव्यांगों के लिए रैंप बनाए जाने के लिए कहा।

इसके साथ ही शांतिपूर्ण, पारदर्शी एवं निष्पक्ष मतदान कराने, जनपद में भयमुक्त माहौल बनाने तथा चुनाव आयोग द्वारा जारी गाइडलाइन व आदर्श आचार संहिता का पालन कराने के उद्देश्य से मतदान केंद्र के आस-पास व्यक्तियों से वार्ता की।



बूथों के निरीक्षण करने के बाद ग्रामीण से जानकारी लेतीं एसपी अपर्णा रजत कौशिक।

- एसपी ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

**कार्यशाला में विवेचक और अधिवक्ताओं को दी जानकारी : कासगंज।** सीडीओ सचिन की अध्यक्षता में बुधवार को विकास भवन सभागार में संसद द्वारा पारित तीन नवीन विधियों भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता एवं भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 के प्रशिक्षण के लिए अभियोजन विभाग द्वारा कार्यशाला का आयोजन किया गया। अध्यक्षता ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी दिनेश प्रसाद द्वारा की गई। संचालन व संयोजन संयुक्त निदेशक अभियोजन हरीश चंद्र ने किया। सीडीओ ने दीप प्रज्ज्वलित किया। कार्यशाला में विवेचक (पुलिस अधिकारियों) शासकीय अधिवक्ताओं एवं अभियोजन अधिकारियों को नवीन विधियों पर जानकारी दी गई।

## मार्गशीर्ष मेला के ठेकेदारों का भुगतान नहीं कर रही पालिका

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- ठेकेदारों ने लगाया 30 फीसदी कमीशन मांगे जाने का आरोप

**अमृत विचार :** मेला मार्गशीर्ष में टेंट आदि का कार्य करने वाले ठेकेदारों का भुगतान नहीं हुआ है। ठेकेदारों ने पालिका प्रशासन पर भुगतान के एवज में 30 फीसद कमीशन मांगने का अरोप लगाते हुए डीएम को ज्ञापन देकर भुगतान कराए जाने की मांग की है।

ठेकेदारों द्वारा डीएम को दिए ज्ञापन में कहा गया है कि मार्गशीर्ष मेले में आरबी कंस्ट्रेक्शन, कुशवाह टेंट हाउस, आदर्श इंटरप्राइजेज, गंगा कम्युनिकेशन फर्म द्वारा काम किया गया था।

कार्य पूरा हो जाने के उपरांत जब पालिका से भुगतान मांगा गया तो पालिका भुगतान देने की आनाकानी कर रही है। ठेकेदारों का आरोप है कि पालिका प्रशासन भुगतान के एवज में 30 फीसद कमीशन की मांग कर रहा है। जबकि ठेकेदारों ने पूरी गुणवत्ता और ईमानदारी के साथ काम किया है। ठेकेदारों ने डीएम सुधा वर्मा से भुगतान कराए जाने की मांग की है।

ज्ञापन देने वालों में दीपक निर्भय, शिव बैंदेल, सौरभ, कन्हैयालाल, संजय शर्मा, पूरन कुमार, ज्ञानेश, दीलीप दीक्षित, गौतम मिश्रा, नवीन सक्सेना मौजूद रहे।



जिलाधिकारी सुधा वर्मा को ज्ञापन देने जाते ठेकेदार।






लापरवाही — सोशल मीडिया पर रार से हो रही फजीहत, विवाद के चलते नगर वासियों को नहीं मिल पा रही सुविधाएं

# पालिका प्रशासन और सभासदों में रार से जनता बेहाल

संवाददाता गंजडुंडवारा

**अमृत विचार :** नगर पालिका प्रशासन और सभासदों के बीच रार मची हुई है। सोशल मीडिया पर रार के चलते फजीहत हो रही है। जिसका खामियाजा नगरवासियों को भुगतना पड़ रहा है। पालिका और सभासदों के बीच सामजस्य स्थापित न हो पाना चर्चा का विषय बना हुआ है।

नगर पालिका प्रशासन एवं पालिकाध्यक्ष और कस्बे के अनेक वार्डों के सभासद वार्ड क्षेत्र में विकास कार्यों की मांगों को लेकर आमने-सामने हैं।

दो मार्च को हुई पालिका बोर्ड बैठक से पूर्व 11 सभासदों द्वारा वार्डों मे मूलभूत सुविधाओं के भाव एवं अन्य मांगों को पूर्ण किए जाने के बाद ही बैठक कराए जाने की मांग करते हुए बैठक का बहिष्कार कर दिया था और अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार को ज्ञापन दिया था।

जिसके बाद सभासदों ने बोर्ड बैठक कोरम पूरा न होने के बाद भी कराए जाने को पालिका एक्ट के नियमों के विरुद्ध बताते हुए नाराजगी जताई थी और एजेंडे मे शामिल प्रस्तावों को गलत तरीके से सर्वसम्मति से स्वीकृत कर बिना हस्ताक्षर का प्रेस नोट जारी करने का भी आरोप लगाया गया था और इसकी शिकायत जिलाधिकारी से भी की थी। जिसमें मीटिंग उपस्थिति रजिस्टर पर दबाव बनाकर हस्ताक्षर कराए जाने के भी आरोप भी लगाए थे। अब यह रार सोशल मीडिया पर सामने आने लगी है और निगरानी समिति नाम से चल रहा व्हाट्सएप ग्रुप कस्बे में चर्चा का विषय बना हुआ है।



नगर पालिका गंजडुंडवारा।

### कस्बे में ये हैं अव्यवस्थाएं

- वार्डो एवं धार्मिक स्थलों पर सफाई व्यवस्था का अभाव
- नगर एवं वार्डों मे लगीं ज्यादातर लाइटें खराब
- वार्डों मे लगी लाइटों का जनरेटर से नहीं हो रहा संचालन
- पेयजल को लगे वाटर कूलर ज्यादातर खराब
- पालिका पेयजल लाइन जगह जगह टूटी होने से मिल रहा अशुद्ध पेयजल
- मच्छर रोधी दवा एवं फागिंग न होने से मच्छरों का प्रकोप
- अनेक वार्डों की सड़कें टूटी
- संरक्षित तालाब गंदगी से पटे होने से प्रदूषण
- पालिका क्षेत्र में पार्कों में सफाई का अभाव
- पालिका पुस्तकालय की उपेक्षा



> पालिका द्वारा गलत तरीके से बोर्ड बैठक कर प्रस्ताव पास कर लिए गए है। इसको लेकर उच्चाधिकारियों से शिकायत की गई है। – **मनोज कुमार,** सभासद



> मांग को लेकर 11 सभासदों द्वारा बैठक का बहिष्कार भी किया गया लेकिन पालिका प्रशासन उदासहीन बना हुआ है। मामला उच्चाधिकारियों के संज्ञान में है। – **रवि शाक्य,** सभासद

सैक्स रोगी मिलें
सैक्स रोगों का एकमात्र स्थायी समाधान

डॉ. रफीक
समय-रोजाना प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक (रविवार अवकाश)
बड़ी बिहार, निकट डेलापीर मण्डी, बरेली। मो. 9319929913
नामर्दी Impotance, नसों की कमजोरी, संभोग से घबराहट, उत्तेजना की कमी, स्त्रियों में सैक्स की इच्छा न होना, मानसिक तनाव आदि के लिए निःसंकोच मिलें।
ताकत, जोश, रुकावट और वैवाहिक जीवन का आनन्द उठाएं।
- शीघ्र पतन (Premature Ejaculation)
- धात रोग (Spermatorrhoea)
- स्वप्न दोष (Night Fall)
- वीर्य का पतलापन बगैरा का इलाज विशेष प्रकार की भस्मों, माजून, तिलों द्वारा किया जाता है।
- निल शुक्राणु (Azoospermia)
- शुक्राणुओं की कमी (Oligospermia)
- बांझपन (Sterility)
- सफेद पानी (Leucorrhoea)
- पेट में दर्द (Pelvic Pain)
- बार-बार गर्भपात होना
35 वर्षों का अनुभवी आयुर्वेदिका, यूनानी इलाज कराएं, जीवन में खुशियां लाएं।

# टूटकर गिरा हाईटेंशन तार चपेट में आकर किसान की मौत

## फसल में पानी लगाते समय हुआ हादसा, परिवार में कोहराम

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा

**अमृत विचार :** सदर कोतवाली के गांव नमैनी में हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर गिरने से खेत में पानी लगा रहे किसान की विद्युत करंट की चपेट में आकर मौत हो गई। किसान की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम को भेजा है। लेखपाल ने मौके का निरीक्षण कर जानकारी ली।

बुधवार की सुबह गांव खडिया नमैनी निवासी 42 वर्षीय किसान छोटे सिंह पुत्र विक्रम सिंह अपने खेत में मक्का की फसल को पानी लगा रहा था। तभी खेत के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन का तार टूटकर जमीन पर गिर गया। तार की चपेट में आकर किसान गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास खेतों में काम कर रहे किसानों ने सूचना परिजनों दी। परिजन और किसान घायल को जिला अस्पताल ले गए। जहां चिकित्सक ने परीक्षण के बाद छोटे सिंह को मृत घोषित कर दिया। किसान की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। एसडीएम संजीव कुमार के निर्देश पर क्षेत्रीय लेखपाल ने मौके का निरीक्षण किया है।


छोटे सिंह

> विद्युत करंट की चपेट में आकर किसान छोटे सिंह की मौत हुई है। लेखपाल को मौके पर भेजा गया है। यदि मृतक के नाम कृषि भूमि है तो उसे किसान दुर्घटना बीमा योजना का लाभ दिलाया जाएगा। - **संजीव कुमार**, एसडीएम कासगंज

**विद्युत विभाग के प्रति ग्रामीणों में दिखा आक्रोश :** टूटकर गिरे हाईटेंशन विद्युत तार की चपेट में आकर हुई किसान की मौत पर गांव खडिया नमैनी के ग्रामीणों और किसानों में आक्रोश दिखाई दिया। किसानों का कहना था कि हाईटेंशन लाइन जर्जर और पुरानी है। विभागीय अधिकारियों से लाइन को बदलवाने की मांग की गई, लेकिन विभाग ने लापरवाही दिखाई है। जिसका नतीजा किसान छोटे सिंह की मौत के रूप में सामने आया है।

## मारपीट की घटनाओं में कई लोग घायल

**एटा, अमृत विचार :** मिरहची के गांव नवीनगर निवासी श्यामदेवी पत्नी रामनिवास का आरोप है कि जीतू पुत्र सतीश समेत तीन लोगों ने मार पीटकर धमकी दी है। राजा का रामपुर के गांव इमादपुर निवासी मदनलाल पुत्र मुंशीलाल की पत्नी एवं बेटी के साथ गांव के निवासी सुशील पुत्र तेज सिंह समेत चार लोगों ने मार पीटकर धमकी दी है। राजा का रामपुर के कुंजडियान निवासी ऊरज अख्तर पुत्र इरफान का आरोप है कि यहीं के निवासी आरिफ पुत्र इरुान समेत चार लोगों ने मारपीटकर धमकी दी है।

कोतवाली देहात के गांव घिलौआ निवासी विपिन पुत्र रामभरोसे ने भाई सचिन पर आरोप लगाया है कि पीड़ित व उसकी पत्नी के साथ मारपीट कर धमकी दी है। जलेसर के गांव गोपालपुर निवासी राकेश पुत्र गोदी सिंह का कहना है कि जलेसर तहसील के सामने पीड़ित के घर के सामने गांव के निवासी देवेन्द्र समेत पांच लोगों ने पीड़ित व उसकी पुत्री अनीता के साथ मारपीट की और धमकी दी है।

# सड़क हादसों में दो लोगों की मौत, तीन गंभीर घायल

संवाददाता, एटा

- जैथरा में शौच को जा रहे युवक को तेज रफ्तार बाइक ने मारी टक्कर, चालक भी गिरा

**अमृत विचार :** जनपद के विभिन्न थाना क्षेत्रों में हुए सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दो व्यक्तियों की हालत नाजुक देखते हुए रेफर कर दिया गया है। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

जैथरा थाना क्षेत्र के ग्राम गंगपुर निवासी रवेन्द्र सिंह (35) पुत्र हरस्वरूप सिंह शर्मा मंगलवार की रात गांव के पास शौच के लिए पैदल जा रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार बाइक सवार युवक ने टक्कर मार दी। जिससे बाइक फिसल गई। हादसे में रवेन्द्र और बाइक सवार युवक घायल हो गया। दोनों को स्वास्थ्य केंद्र में दाखिल कराया गया। जहां से रवेन्द्र को एटा और बाइक सवार को फर्रुखाबाद रेफर कर दिया गया। रवेन्द्र को एटा मेडिकल कालेज में मृत घोषित कर दिया। दूसरी घटना कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के एटा-आगरा मार्ग स्थित नगला सेवा मंदिर के पास हुई। क्षेत्र के गांव अमरगोजिया निवासी उदयपाल सिंह का 17 वर्षीय पुत्र अंकित कुमार यादव और रामबृक्ष उर्फ छोटू (22) पुत्र किशनपाल सिंह बुधवार को दोपहर बाइक पर सवार होकर गांव से अवागढ़ के कस्बा बसुंधरा जा रहे थे। तभी रोडवेज बस ने बाइक में टक्कर मार दी। घायल रामबृक्ष और अंकित को को पुलिस द्वारा उपचार के लिए मेडिकल कालेज में भर्ती कराया। डाक्टर ने अंकित को मृत घोषित कर दिया, जबकि रामबृक्ष को हायर सेंटर रेफर किया गया है। इसके अलावा बाइकों की भिड़ंत में कोतवाली देहात के गांव गदनपुर निवासी जगदीश पुत्र हजारीलाल घायल हुआ है। उसका मेडिकल कालेज में उपचार चल रहा है।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

# शिक्षकों और विद्यार्थियों ने योग कर सीखे निरोग रहने के गुर

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- केए कॉलेज में हुआ योग शिविर का समापन
- योगाचार्य ने शिक्षकों और विद्यार्थियों को कराया योग

**अमृत विचार:** केए पीजी कॉलेज कासगंज में योग शिविर का समापन किया गया। शिविर समापन के मौके पर शिक्षकों और विद्यार्थियों को योगाचार्य ने योग से निरोग रहने के गुण बताए और योग का महत्व बताया।

नई शिक्षा नीति में वोकेशनल विषय के अंतर्गत अनिवार्य विषय के रूप में योग प्रशिक्षण शिविर का आज समापन हुआ। मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के सचिव विनय कुमार जैन ने सर्वप्रथम मां सरस्वती की मूर्ति पर माल्यार्पण तथा उनके सम्मुख दीपार्चन किया। पतंजलि योगपीठ के मंडल प्रभारी जेसी चतुर्वेदी ने कहा कि योग आयु की वृद्धि करता है, योग स्वस्थ रखता है, योग दवाइयां के सेवन से बचाता है। योग प्रसन्नता पूर्वक जीवन जीने का संदेश देता है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विनय कुमार जैन ने कहा कि आज पूरे विश्व में योग की मान्यता है और अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है। यह भारतीय योगाचार्य की पूरे विश्व को अद्भुत देन है। उन्होंने कहा की योग जीवन का मार्गदर्शन ही नहीं करता बल्कि संपूर्ण जीवन को ही बदल देता है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी यदि योग करना सीख लें तो उन्हें एकाग्रचित रखने का अभ्यास बड़ी सरलता से हो जाएगा और वह अपनी पढ़ाई भी बहुत आसानी से पूरा कर सकते हैं। प्रबंधकारिणी समिति के सदस्य राजा राव मुकुल ने छात्र-छात्राओं को बताया कि योग रोजगार के बहुत बड़े अवसर को भविष्य में उत्पन्न करेगा तथा जल्द ही इसको ओलंपिक में स्पोर्ट के रूप में मान्यता दी जाएगी। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर अशोक कुमार रुस्तगी ने कहा कि योग विषय ने पाठ्यक्रम के रूप में आकर विद्यार्थियों की जीवन शैली में बड़ा बदलाव किया है आज विद्यार्थी योग की ओर उन्मुख हुए हैं। समापन पर प्रभारी डॉक्टर अनुपम पाठक, सहप्रभारी डॉ. उमेश यादव एवं योग समिति के सदस्य डॉ. पूनम रानी, डॉ. पवन दुबे, डॉ. साविस्ता अंजुम, डॉ. अजीत यादव, डॉ. कुशहर साहनी, निधि भसीन आदि को प्राचार्य द्वारा स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया।



पतंजलि योगपीठ के मंडल प्रभारी जेसी चतुर्वेदी को प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित करते केए कॉलेज के प्राचार्य डॉ . एके रुस्तगी। • अमृत विचार

## फंदे से लटका मिला विवाहिता का शव हत्या का आरोप

**एटा, अमृत विचार :** रिजोर थाना क्षेत्र में एक विवाहिता का शव फंदे से लटका मिला। मायके वालों का आरोप है कि दहेज की मांग को लेकर ससुराल पक्ष के लोगों ने विवाहिता की हत्या कर शव फंदे से लटकाया है और उसका पुत्र गायब कर दिया है।

बागवाला थाना क्षेत्र के गांव मानिकपुर निवासी अस्मिता (26) की शादी करीब 5 वर्ष पूर्व रिजोर थाना क्षेत्र के बक्शीपुर निवासी प्रशांत के साथ हुई थी। मृतका के भाई धीरज ने आरोप लगाया कि बहन को प्रशांत लगातार प्रताड़ित कर रहा था। एक वर्ष पूर्व कुछ रुपये दिए थे, जिसके बाद सही चला। 9 महीने बाद फिर बहन को प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। एक सप्ताह पूर्व पिता रामखिलाड़ी ने ससुराल पक्ष को समझाया भी था। मंगलवार सुबह बहन ने फोन कर बताया कि उसे घर से निकाल दिया है। बाद में गांव के ही युवक के पास फोन आया कि उनकी बहन फंदे पर लटक गई। परिजन पहुंचे तो ससुराली फरार थे। शव साड़ी के फंदे से लटका था। पुत्र गायब था। ससुराल वालों ने बहन की हत्या की है। थाना प्रभारी अल्का तोमर ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी।

ALA Herbal
ताकत, जोश, रुकावट का स्थायी समाधान
कैप्सूल मैनसूल (काम्बो पैक)

धात, शीघ्रपतन, नपुंसकता के सम्पूर्ण समाधान के लिए इस पैक में तीन प्रकार के कैप्सूल है। तीनों तरह के एक-एक कैप्सूल दूध के साथ खाने से हर प्रकार की कमजोरी ठीक हो जाती है। यह शुक्राणुओं की कमी को दूर करता है। इम्युनिटी पावर को बढ़ाता है। Stress, Depression में लाभ करता है।
यह पूर्णतयः हर्बल है, इसका कोई साइड इफैक्ट नहीं है
Flipkart, Amazon पर उपलब्ध है।
Helpline No.
8439818102
7451039913
स्टॉकिस्ट
आरोग्य सदन बरेली
9837007202

# सिपाही ने नशे में की अभद्रता, निलंबित

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

- जनपद की पुलिस लाइन में तैनात है आरोपी आरक्षी
- सोशल मीडिया पर वायरल हुआ वीडियो, एसपी ने की कार्रवाई

**अमृत विचार :** पुलिस लाइन में तैनात आरक्षी ने नशे की हालत में सार्वजनिक स्थल पर लोगों से अभद्रता की। जिसका सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हुआ है। मामला संज्ञान में आने के बाद एसपी ने सिपाही को निलंबित कर दिया।

पुलिस लाइन में तैनात आरक्षी देशराज मंगलवार की शाम शहर के भीडभाड वाले इलाके माल गोदाम चौराहे पर था। बताया जाता है कि सिपाही शराब नशे में था और मार्ग से गुजर रहे लोगों के साथ अभद्रता भी कर रहा था।

पुलिस कर्मी की यह हालत देखकर लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। इसी दौरान किसी ने उसका वीडिया बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। माल गोदाम चौराहे पर ड्यूटी कर रहे पुलिस कर्मियों ने इसकी जानकारी उच्चाधिकारियों को दी। जानकारी पर कोतवाली पुलिस माल गोदाम चौराहे पर पहुंची और शराब में धुत सिपाही को जीप में बैठाकर कोतवाली ले गई।

सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो और मिली शिकायत को एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने गंभीरता से लिया। एसपी ने बताया कि पुलिस लाइन में तैनात आरक्षी देशराज ने शराब के नशे में सार्वजनिक स्थल पर लोगों के साथ अभद्रता की है। आरक्षी को निलंबित कर दिया गया है। अन्य कार्रवाई भी की जा रही है।

रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल
RMCH BAREILLY
पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
विशाल एण्डोस्कोपी शिविर
सहयोग से : बरेली ओब्स्टेट्रिक गाइनकालजी सोसाइटी
दूरबीन विधि द्वारा बच्चेदानी के आॅपरेशन

दिल्ली, मुम्बई, अहमदाबाद, चेन्नई, बैंगलौर एवं विदेश के सुप्रसिद्ध विशेषज्ञ द्वारा दूरबीन विधि से स्त्री रोग सम्बन्धित समस्त ऑपरेशन
जल्द से जल्द पंजीकरण कराकर इस सुविधा का लाभ उठायें।
ऑपरेशन दिनांक 19 अप्रैल 2024
पंजीकरण (रजिस्ट्रेशन) 31 मार्च 2024 तक ही किये जायेंगे। प्रथम 10 पंजीकृत मरीजों को प्राथमिकता दी जायेगी।

| लैप्रोस्कोपी द्वारा दूरबीन विधि से ऑपरेशन | हिस्ट्रोस्कोपी का दूरबीन द्वारा ऑपरेशन |
| --- | --- |
| 1) बच्चेदानी निकालने का ऑप्रेशन (हिस्ट्रेक्टमी) | 1) ऐशरमैन का इलाज |
| 2) रसौली निकालने का ऑप्रेशन (मायोमेक्टमी) | 2) बच्चेदानी के अन्दर की रसौली (हिस्ट्रोस्कोपिक मायोमेक्टोमी) |
| 3) अण्डेदानी की रसौली निकालने का ऑप्रेशन (ओवेरियन सिस्टैक्टॉमी ) | 3) ट्यूब खोलना (हिस्टेरोस्कोपी कम्युलेशन) |
| 4) बांझपन की दूरबीन विधि द्वारा जांच | 4) बच्चेदानी के अन्दर जन्मजात विकृति ठीक करना |
| 5) बन्द ट्यूब खोलने का ऑप्रेशन | 5) बच्चेदानी के अन्दर का पॉलिप निकालना (हिस्टेरोस्कोपिक पॉलीएटोनी) |
| 6) बच्चेदानी की बनावट सम्बन्धी जन्मजात बीमारियों का इलाज ऑप्रेशन | |

रजिस्ट्रेशन के लिए सम्पर्क करें : 9997015620, 9081800900
कमरा नं. 1178, स्त्री रोग विभाग, रोहिलखण्ड मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल, बरेली
एन.ए.बी.एच.*'राष्ट्रीय स्तर' द्वारा प्रमाणित संस्था *एंट्री लेवल

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

गुप्त रोगी मिलें
डा. मौर्य
जोश मर्दाना, कमजोरी, ताकत, शुक्राणु की कमी, स्वप्नदोष, शीघ्रपतन
बरेली कृष्णा नगर मो. 7534002651

डॉ. अमन रस्तोगी
BAMS, MD
Consultant Physician

● शुगर से पूर्णतः निजात एवं परहेज से निजात ● पाइल्स का सम्पूर्ण आयुर्वेद द्वारा उपलब्ध है। ● पथरी एवं हृदय रोग विशेषज्ञ
● घुटने एवं गठिया का पूर्ण उपचार। ● सफेद दाग का गारंटिड इलाज।
● पित्त की थैली एवं किडनी की पथरी का बिना आपरेशन द्वारा इलाज।
लाईफ लाइन क्लीनिक
कर्मचारी नगर, गांधीपुरम, भारत गैस गोदाम के सामने, बरेली
मो. 6398965384

## 36 किग्रा गांजा समेत एक व्यक्ति गिरफ्तार

**एटा/अलीगंज अमृत विचार :** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह ने बताया कि अलीगंज पुलिस द्वारा चेकिंग के दौरान ग्राम पंचदा तिराहा के पास से बल्लू पुत्र हामिद हसन निवासी ग्राम गोटिया कलां थाना जैथरा को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित के कब्जे से 36 किलोग्राम गांजा व बाइक बरामद की है। गांजा की कीमत 36 लाख रुपए आंकी गई है। आरोपित का साथी शमशाद पुत्र इकबाल निवासी ग्राम गोटिया कलां थाना जैथरा फरार हो गया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार तोमर थाना अलीगंज, उप निरीक्षक लालबहादुर सिंह, ह्रदेश कुमार दुबे, आरक्षी अमरजीत, सागर मालिक, पंकज कर्दम, एसआई अंकुश राघव प्रभारी इंटेलिजेंस शामिल रहे।

## फुटबॉल में डीएफए और वालीबॉल में एपीएस बना विजेता

**एटा, अमृत विचार:** स्टेडियम में फुटबॉल व वालीबॉल की जिला स्तरीय प्रतियोगिताओं का फाइनल मैच बुधवार को हुआ। इसमें फुटबॉल में डीएफए और वालीबॉल में एपीएस की टीम विजेता रही। जीटी रोड स्थित पंडित गोविंद वल्लभ पंत स्टेडियम में खेल निदेशालय उप्र खेल भवन लखनऊ की ओर में जिला स्तरीय फुटबॉल व वालीबॉल प्रतियोगिताओं सहित अन्य खेलों का समापन हो गया। खेल का आरंभ क्रीड़ाधिकारी पूजा भट्ट व फुटबॉल संघ के सचिव राजीव यादव द्वारा किया गया। फुटबॉल के फाइनल मैच में डीएफए ने स्टेडियम एटा को 5 गोल से हराया। इसमें तीन गोल अर्जुन और दो गोल सुमित ने दागे। वहीं वालीबॉल के फाइनल मैच में एपीएस की टीम ने दून पब्लिक स्कूल को हरा दिया। राजीव यादव द्वारा विजेता व उप विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। अजीत सिंह, शेखर ठाकुर, सोमेन्द्र यादव, राहुल यादव, राजकुमार यादव, इन्द्रमनी पटेल आदि रहे।

# विरोधी को फंसाने के लिए युवक ने खुद को मारी थी गोली

## पुलिस ने सात आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल

संवाददाता, एटा

**अमृत विचार :** दो दिन पूर्व कोतवाली नगर क्षेत्र के जीटी रोड स्थित अरुणा नगर में एक युवक ने रंजिशन दूसरे व्यक्ति को फंसाने के उद्देश्य से स्वयं को गोली मारी थी। पुलिस ने जांच पड़ताल करते हुए सात लोगों को गिरफ्तार कर घटना का खुलासा किया है।

रिजोर थाना क्षेत्र के गांव खुशालगढ़ निवासी दिनेश यादव पुत्र मिलाप सिंह ने पुलिस को बताया था कि ललित निवासी नेहरू नगर थाना कोतवाली नगर व उसके तीन अन्य साथियों ने उसके पुत्र आर्यन को तमंचे से गोली मार दी है। जो उसके पेट में लगी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी। पुलिस की जांच में पता चला कि घायल द्वारा ही पूर्व की रंजिश के चलते दूसरे युवक को फंसाने के लिए अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर स्वयं को गोली मार ली थी।

मामले में अभिषेक उर्फ काकू पुत्र विद्या विगनेश, चेतन यादव पुत्र धर्मवीर यादव, साहिल राघव पुत्र चन्दन सिंह निवासी श्याम नगर थाना कोतवाली नगर, शिवम यादव पुत्र अमलेश यादव निवासी नारायण नगर आगरा रोड थाना कोतवाली नगर, विश्वराज पुत्र रवेन्द्र कुमार यादव निवासी महाराणा प्रताप नगर थाना कोतवाली नगर, अर्जुन पुत्र राकेश यादव निवासी शीतल पुर थाना कोतवाली नगर, कृष्णा उर्फ गौरव पुत्र संजय सिंह निवासी शीतलपुर कोतवाली नगर को रेलवे स्टेशन के पास से गिरफ्तार कर लिया। उनके कब्जे से एक तमंचा बरामद किया गया है।



गिरफ्तार आरोपितों की जानकारी देते एसएसपी राजेश कुमार सिंह।

## आबकारी अधिकारी ने शराब की दुकानों का किया निरीक्षण

**अलीगंज, अमृत विचार :** डीएम के निर्देश पर एसडीएम प्रतीत त्रिपाठी के नेतृत्व में जिला आबकारी अधिकारी अनूप शर्मा के अलीगंज कस्बा राजा का रामपुर और जैथरा में देसी-विदेशी और बीयर की दुकानों का निरीक्षण करने पहुंचे। जहां उन्होंने मदिरा का स्टॉक रजिस्टर, सीसीटीवी कैमरा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ओवर रेटिंग की शिकायत पर जिला आबकारी निरीक्षक ने विक्रेता को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने कहा अगर इस प्रकार की शिकायत भविष्य में मिलती है तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। जिला आबकारी निरीक्षक ने बताया लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए जिलाधिकारी के निर्देशन में पूरे जिले में अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने सभी सरकारी शराब विक्रेताओं को निर्देश दिया है कि सभी दुकानों पर रेट लिस्ट का बोर्ड लगाया जाए। उन्होंने बताया सभी शराब की दुकानों पर सीसीटीवी कैमरे चालू रहना चाहिए तथा स्टॉक रजिस्टर पूरी तरह से अपडेट रहे। इस दौरान आबकारी निरीक्षक अनुराग सिंह पुलिस टीम के साथ मौजूद रहे।

# भाईचारा और सद्भाव का संदेश देते हैं त्योहार, सब मिलजुल कर मनाएं

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार :** कलेक्ट्रेट सभागार में बुधवार को आगामी त्योहारों के दौरान जिले में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए शांति समिति की बैठक हुई। डीएम, एसपी ने सभ्रांत नागरिकों एवं धर्मगुरुओं के साथ पर्व को लेकर चर्चा की। साथ ही आदर्श आचार संहिता को ध्यान में रखते हुए पर्व को मनाने की अपील की।

डीएम सुधा वर्मा ने कहा कि लोकसभा सामान्य निर्वाचन के लिए आदर्श आचार संहिता लागू होने के साथ ही होली, जुमा अलविदा, ईद उल फितर, रामनवमी पर्व एवं डॉ. भीमराव आंबेडकर जयंती को मनाया जाना है। जिले के लोग गंगा-जमुनी तहजीब का परिचय देते हुए आपस में मेल-मिलाप प्रेम सौहार्द और भाईचारे के साथ त्योहार मनाएं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि साफ-सफाई, शुद्ध पेयजल एवं निर्बाध विद्युत आपूर्ति की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि सभी त्योहारों को सकुशल संपन्न कराने के लिए जिला एवं पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। डीएम ने कहा कि जुलूस निर्धारित रूट से ही निकाले जाएं और होलिका दहन परंपरागत स्थानों पर ही किया जाए। एसपी अपर्णा रजत कौशिक ने कहा कि त्योहारों के दौरान अराजक तत्वों पर कड़ाई से कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। मोटर साईकिल रेस करने या उस पर ट्रिपलिंग करने पर कानूनी कार्रवाई जाएगी। सोशल मीडिया पर किसी प्रकार की भ्रामक पोस्ट ना डाली जाए और ना ही उसे फॉरवर्ड किया जाए। उन्होंने किसी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दिए जाने के भी निर्देश दिए। एएसपी राजेश कुमार भारतीय ने कहा कि होली का त्योहार रंगों का त्योहार होता है इसे सौहार्दपूर्वक मनाए जाने के लिए प्रसाशन ने पूर्ण तैयारी कर ली है। बैठक में एसडीएम सदर संजीव कुमार, एसडीएम पटियाली कुलदीप सिंह, सीओ सदर अजीत चौहान, सीओ सहावर शाहिदा नसरीन, सीओ पटियाली विजय कुमार राणा, थानाध्यक्ष, धार्मिक गुरु व सभ्रांत नागरिक मौजूद रहे।



कलेक्ट्रेट सभागार में शांति समिति की बैठक में धर्मगुरुओं व सभ्रांत नगारिकों के साथ चर्चा करतीं डीएम सुधा वर्मा व एसपी अपर्णा रजत कौशिक।

- शांति समिति की बैठक में डीएम एसपी ने सभ्रांत नागरिकों और धर्मगरुओं के साथ की चर्चा

# मंडी में नहीं आ रहे किसान, व्यापारी परेशान

संवाददाता, जलेसर

- गल्ला व्यापारियों ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**अमृत विचार :** जलेसर नगर में चल रही गल्ला मंडी में गल्ला ना पहुंच पाने एवं अन्य समस्याओं का समाधान ना होने से परेशान गल्ला व्यापारियों ने उप जिलाधिकारी जगमोहन गुप्ता को ज्ञापन सौंप कर समस्या के समाधान की मांग की।

गल्ला व्यापारी सुरेश चंद्र गर्ग एवं वीरपाल यादव के नेतृत्व में दिए गए ज्ञापन में कहा कि नगर से निकलने वाले मार्गों पर व्यापारियों द्वारा दुकान खोल कर गले की खरीदारी किए जाने के कारण किसान गल्ला लेकर मंडी में ना पहुंच कर मार्गों पर बनी दुकानों और फड़ लगाकर खरीदारी करने वालों के पास बेचकर चले जाते हैं। मंडी में बैठे दुकानदार हाथ पर हाथ धरे बैठे रहते हैं जिसके चलते व्यापारी पलायन के लिए विवश हो रहे हैं। व्यापारियों ने मांग की है कि मंडी समिति के अधिकारियों के सानिध्य में गल्ले की नीलामी हो, गल्ले की पूरी आमद मंडी में कराई जाए, मार्गों पर बैठे गल्ला व्यापारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई अमल में लाई जाए ताकि राजस्व की चोरी को रोका जा सके। ज्ञापन देने वालों में पवनवीर सिंह, वीरपाल सिंह, एमपी सिंह, राधा चरण, अशोक कुमार, सुखबीर सिंह, राजकुमार, सुरेश चंद्र गर्ग, रामजीलाल, सुखबीर सिंह, राज बहादुर सिंह, भोले बाबा आदि शामिल रहे।



## मोहम्मद रियाज अब्बास बने लोकसभा युवा कांग्रेस प्रभारी


**एटा।** कांग्रेस कार्यालय धान मील वाली गली पर नव नियुक्त कांग्रेस सेवा दल के जिला मुख्य संघठक संजीव गुप्ता और ऑटरी विभाग युवा कांग्रेस के नव नियुक्त लोक सभा कोर्डिनेटर मोहम्मद रियाज अब्बास का कांग्रेस जिला अध्यक्ष गंगासाय लोधी और कार्यवाहक जिला अध्यक्ष ठाकुर अनिल सोलंकी द्वारा फूलमाला पहनाकर स्वागत किया गया। प्रदेश सचिव विनीत पाराशर बाल्मीकि, युवा कांग्रेस एक प्रदेश सचिव मोहम्मद फैसल, मोहम्मद आमिर, मोहम्मद इमरान अली, राहुल आदि मौजूद रहे।




## घर-घर जाकर मतदाताओं को जागरूक करें वॉलिंटियर्स

**एटा, अमृत विचार:** लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए विकास भवन में हुई बैठक में सीडीओ ने घर-घर जाकर मतदाताओं को जागरूक करने के निर्देश दिए।

मुख्य विकास अधिकारी एवं नोडल अधिकारी स्वीप डॉ. अवधेश कुमार बाजपेई ने बैठक में कहा कि नेहरू युवा केंद्र, युवा कल्याण अधिकारी द्वारा वॉलिंटियर्स को घर-घर भेज कर युवाओं को अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित किया जाए। युवक मंगल दल के कार्यकर्ता इस कार्य में उनका सहयोग करेंगे। सीडीओ ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकत्री, सहायिका,आशा एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाएं प्रत्येक ग्राम सभा में घर-घर जाकर मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करें, स्कूल एवं कॉलेज में प्रार्थना सभा के दौरान मतदाता जागरुकता के संबंध में छात्र-छात्राओं को अवगत कराकर उन्हें मतदान के महत्व से अवगत कराया जाएगा तथा समस्त विद्यालय में बुलावा टोली का गठन किया जाए।




### अवैध शस्त्र फैक्ट्री पकड़ी एक आरोपी गिरफ्तार

**जैथरा।** लोकसभा चुनाव से पूर्व जैथरा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। चुनाव में सप्लाई करने के लिए बनाए जा रहे असलाहों समेत पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर गांव परौली के जंगलों से सुनील पुत्र ऋषिपाल निवासी ग्राम सिरसा थाना कम्पिल जनपद फरुखाबाद को अवैध शस्त्र फैक्ट्री चलाते हुए दबोच लिया। कब्जे से 10 तमंचे, एक बंदूक, एक पौनिया और शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद किए गए हैं। वहीं जुगनू उर्फ जुगेन्द्र पुत्र सुरेन्द्र सिंह निवासी परौली थाना जैथरा फरार हो गया। सुनील के खिलाफ 6 और जुगेन्द्र के खिलाफ 13 मुकदमे दर्ज हैं।

### छात्राओं से अभद्रता, विरोध करने पर मारपीट

**जैथरा।** थाना क्षेत्र के नगला भूड़ आनंदपुर निवासी व्यक्ति ने बताया कि जैथरा के गांव खिरिया निवासी कौशल पुत्र चेतन समेत छह लोगों द्वारा आरके पब्लिक स्कूल धुमरी जाने वाली लड़कियों से गलत इशारे, कमेंट किए गये। विरोध करने पर छात्राओं के घर में घुसकर गाली गलौज करते हुए मारपीट की तथा वाहनों की तोड़फोड़ करते हुए जान से मारने की नीयत से फायरिंग कर दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। जांच की जा रही है।

### धोखे से बैनामा कराने का आरोप, रिपोर्ट

**एटा।** निधौलीकलां के गांव नगला दुर्जन निवासी शंकुतला देवी ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि मोहल्ला बड़ा बाजार निवासी राजनलाल समेत तीन लोगों ने षड्यंत्र के तहत जमीन का फर्जी बैनामा करा लिया। विरोध करने पर मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी दी।

## सार-संक्षेप

### आज के विद्यार्थी भविष्य के वैज्ञानिक



**कासगंज।** कस्बा अमांपुर के गोविंद सिंह शिक्षण संस्थान में बुधवार को विज्ञान प्रदर्शनी लगाई गई। कार्यक्रम का आरंभ नगर संघचालक राकेश पाराशर, प्रबंधक विनय प्रताप सोलंकी, भाजपा मीडिया प्रभारी आकाश गुप्ता सर्राफ, प्रधानाचार्य मोहित कुमार चौहान ने संयुक्त रूप से मां शारदे के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि नगर संघचालक राकेश पाराशर ने कहा कि इस प्रकार की प्रदर्शनी के आयोजन से छात्रों में प्रतिभा का उदय होता है। विद्यार्थियों के द्वारा चंद्रयान-3, लैंडर-रोवर, आदित्य एल-1, राम मंदिर, हाइड्रो पावर प्लांट, वर्षा जल संरक्षण समेत अन्य आर्कषक मॉडल प्रस्तुत किए। इस दौरान अलग-अलग वर्ग से पायल, विनीता, सुमित, ज्योती, आर्यन, लविश, समर्थ भारद्वाज, नंदनी, आरजू, छाया भारद्वाज, अनुष्का, रागिनी, मुस्कान, करिश्मा, मुस्कान, नव्या, अर्शी, प्रियांशी, वंशिका, श्याम सुंदर, प्रतीक पाठक, साक्षी, अल्सिफा, कृष्णा, पलक ने मॉडल प्रस्तुत किए।

### पर्यावरण एवं प्रकृति संरक्षण का दोहराया संकल्प



**कासगंज।** पर्यावरण संरक्षण की दिशा में कार्य कर रही संस्था दुलार सेव द प्लैनेट की बैठक अमांपुर रोड स्थित दद्दा पब्लिक स्कूल में हुई। विश्व गैरेया दिवस पर हुई इस बैठक में पर्यावरण एवं प्रकृति संरक्षण के लिए चलाए जा रहे अभियान को गति देने के लिए रूपरेखा बनाई गई। संस्था के कैलेंडर का विमोचन किया गया। बैठक का आरंभ दीप जलाकर संस्थापक अध्यक्ष डा. मनोज शर्मा ने किया। बैठक में पर्यावरण एवं प्रकृति संरक्षण के लिए संस्था द्वारा चलाए जा रहे अभियान को गति देने पर चर्चा की गई। जिले में स्थापित गंगावन और भागीरथ वन की स्थापना के लिए क्षेत्रीय सांसद राजवीर सिंह के सहयोग और प्रयासों की सराहना की गई। बैठक में कामिनी शर्मा, छाया मिश्रा, गुंजन अग्रवाल, सौरभ गुप्ता, बेरोज खान, अजय बाजपेई, खुशी गुप्ता आदि रहे।

### संगठन की रीढ़ होते हैं युवा कार्यकर्ता



**कासगंज।** भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा पटियाली विधानसभा कार्यकर्ता सम्मेलन पातलावती फार्म हाउस पर हुआ। आरंभ सांसद राजवीर सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष केपी सिंह ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। सांसद ने कहा कि किसी भी संगठन की रीढ़ उसके युवा कार्यकर्ता होते हैं। सम्मेलन को क्षेत्रीय उपाध्यक्ष ठाकुर स्वराज सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष केपी सिंह सोलंकी, सदर विधायक देवेंद्र सिंह राजपूत, अमांपुर विधायक हरिओम वर्मा ने भी संबोधित किया। पूर्व विधायक ममतेश शाक्य, मेजर आशीष शाक्य, जिला महामंत्री राजवीर सिंह भल्ला, नीरज शर्मा आदि रहे।

### वीरांगना रानी अबंतीबाई को श्रद्धासुमन अर्पित किए



**अलीगंज।** विकासखंड के ग्राम अमरोली रतनपुर में अमर शहीद वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी का 166वां बलिदान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर अमर शहीद वीरांगना रानी अवंती बाई लोधी के प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित कर उन्हें याद किया गया। इस अवसर पर अमरोली रतनपुर में भी लोगों ने श्रद्धा सुमन अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर दिलीप कुमार राजपूत पूर्व प्रधान, प्रदीप कुमार अध्यक्ष सहकारी समिति, संजीव कुमार राजपूत एडवोकेट, सुरेंद्र सिंह, मनोज कुमार, बलवीर सिंह, आदि उपस्थित रहे।

### छत से गिरकर युवती की मौत

**एटा।** निधौलीकलां थाना क्षेत्र में बुधवार को सुबह छत पर काम कर रही युवती अचानक छत से नीचे आ गिरी। घायलावस्था में उसे मेडिकल कलोज में भर्ती कराया गया। जहां उसको मृत घोषित कर दिया गया। क्षेत्र के गांव बिचुपुरी निवासी पूनम (22) पुत्र अवधेश कुमार बुधवार को दिन में अपने घर की छत पर काम कर रही थी। अन्य परिजन नीचे काम कर रहे थे। छत पर काम करते समय उसका अचानक पैर फिसल गया और वह सीधे नीचे आ गिरी। गिरने की आवाज सुनकर उनके परिजन मौके पर पहुंच गए। आनन फानन में घायल को जितेन्द्र पुत्र रामसिंह ने मेडिकल कालेज में दाखिल कराया गया। जहां डाक्टर ने युवती को मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। बिना पोस्टमार्टम कराए ही परिजन शव को घर ले गए।

## साइबर क्राइम की टीम ने दिलाई रकम

**एटा।** थाना साइबर क्राइम एटा द्वारा आनलाइन ठगी का शिकार हुए शिकायतकर्ता को ठगी गई रकम उसके खाते में वापस कराई गई। शिकायतकर्ता नरोत्तम सिंह पुत्र पूरन सिंह निवासी चमकरी थाना कोतवाली देहात जनपद एटा ने प्रार्थना के माध्यम से अवगत कराया था कि उनके केनरा बैंक के खाता से 11 दिसंबर 2023 से 31 दिसंबर 2023 तक लगभग 02 लाख रुपये का फ्रॉड कर लिया गया है। अपर पुलिस अधीक्षक अपराध योगेन्द्र सिंह द्वारा थाना साइबर क्राइम की टीम को प्रकरण की जांच करने के लिए निर्देशित किया गया। थाना साइबर क्राइम एटा द्वारा मामले की गंभीरता से जांचकर शिकायतकर्ता की 1,99,603 रुपये की धनराशि को उसके खाता में वापस कराया गया है।

### आईटीआई में प्लेसमेंट-डे का आयोजन आज

**एटा।** प्रधानाचार्य राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ने बताया है कि व्यवसाय फिटर, टर्नर, मशीनिस्ट, इलेक्ट्रिशियन, इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक, एमएमवी, वायरमैन, वैल्डर, इलेक्ट्रिशियन पीडी, मैकेनिक, आरएसी, मैकेनिक एग्रीकल्चर मशीनरी से राजकीय, निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों से उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के लिए 21 मार्च को सुबह 10 .30 बजे राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान परिसर एटा में प्लेसमेंट डे आयोजित किया जा रहा है जिसमें पंतनगर, उत्तराखंड, नोयडा की कंपनियों द्वारा चयन किया जायेगा। इच्छुक अभ्यर्थी अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों, आधार कार्ड, पासबुक, 2 पासपोर्ट साइज फोटो व सभी प्रमाणपत्रों की छायाप्रति सहित प्रतिभाग कर सकते हैं।

### उपखंड अधिकारी ने किया उपकेंद्र का निरीक्षण

**जलेसर।** उपखंड अधिकारी के स्थानांतरण होने के उपरांत नवागत उपखंड अधिकारी गुलशन किशोर ने कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत उपखंड क्षेत्र के विद्युत स्टेशनों का औचक निरीक्षण किया। कमियों को तत्काल दूर करने के निर्देश मौजूद कर्मचारियों को दिए। उन्होंने कहा कि हर हाल में विद्युत चोरी रोकने के प्रयास करने होंगे वहीं वसूली भी शत प्रतिशत की जाए।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी मौलवी की अंक तालिका वर्ष 2015 रोल नं. 1241318 जो यू.पी. बोर्ड ऑफ मदरसा एजुकेशनल लखनऊ व मदरसा जामिया अशरफिया मसूदुल उलूम छोटी तकिया बहराइच की थी, जो फोटो कॉपी कराने जाते समय रास्ते में कहीं गिर गई है जो काफी तलाश करने के बाद भी नहीं मिली है। **नसरीन बानो पुत्री श्री हदीस अहमद निवासी 50, तुलसी नगर, बरेली।**

### सूचना

मैंने अपनी पुत्रवधू मृदुल पत्नी स्व. वेद मित्र शर्मा के गलत आचरण व दुर्व्यवहार से क्षुब्ध होकर उसे अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर अपने सम्बन्ध समाप्त कर लिये हैं। **रामदेव शर्मा "शास्त्री" पुत्र श्री लेखराज, निवासी-गोपाल नगर, बरेली।**

### सूचना

मेरा सही नाम Lalita Devi है Lalita नहीं, कृपया मेरे पति के सेना रिकॉर्ड मैं सही करें। पत्नी. हवलदार किशोर आर्मी नंबर 3203891L, निवासी ग्राम. बासना, पोस्ट, होलावास - तहसील बानसूर, जिला अलवर, राजस्थान।

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

### सूचना

सूचित किया जाता है कि श्रीमती कटोरी देवी खंडेलवाल पुत्री स्व. प्रयाग दास धर्मपत्नी स्व. राजा राम खंडेलवाल, निवासी-आलमगिरी गंज, मोहल्ला नया टोला, बरेली से बजरिये बयनामा मकान नं. 559/ए, सिकलापुर, बरेली मुवर्खा 25 जून सन् 1964 में खरीद किया था, जिसकी रजिस्ट्री से क्रय किया मृत्यु से पूर्व अपनी वसीयत उर्मिला देवी के नाम कर दी। जिनकी मृत्यु दिनांक 21.01. 2000 में हो गयी। उर्मिला देवी की मृत्यु दिनांक 03.10.2022 को हो गयी। मैं उर्मिला देवी का पोता हूँ। मेरे द्वारा या उसके परिवार के सदस्यों के द्वारा कपूरो देवी का मूल बयनामा किसी भी बैंक या वित्तीय संस्था के पास ऋण के रूप में या किसी अन्य गारन्टी बैंक बन्धक नहीं रखा गया है और न ही किसी अन्य को दिया गया बयनामा काफी ढूंढने पर भी नहीं मिल पा रहा है। खोये हुए बयनामे का कोई उपयोगा करेगा तो गैर कानूनी माना जायेगा। यह सम्पत्ति मेरी व अन्य अनमोल अग्रवाल पुत्र श्री अतीश चन्द्र अग्रवाल, निवासी 428 गंगापुर बरेली द्वारा क्रय की जा रही है। **अनमोल पुत्र गोपाल, निवासी- 234, मेन मार्केट, वार्ड नं. 11, उधम सिंह नगर, रूद्रपुर उत्तराखण्ड**

**जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग-द्वितीय, बरेली**
परिवाद सं.- 151/2023

नोटिस बनाम- Zonal/Regional Manager, Trinity multistate Co-operative Credit Society Ltd.
पता:- Near Chandralok Hospital, Pilibhit bypass Road, Bareilly

आपको सूचित किया जाता है कि आपके विरूद्ध श्रीमती नाजमा बानो पत्नी श्री जाकिर हुसैन मंसूरी निवासी 100, चौधरी तालाब, मस्जिद गौसियान के पास, बरेली ने दिनांक 03.08.2023 को एक शिकायत पत्र उभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 के अन्तर्गत इस आयोग के समक्ष प्रस्तुत किया है जिसकी प्रतिलिपि इस नोटिस के साथ संलग्न है।
अत: आपको आदेश दिया जाता है कि आप इस सम्बन्ध में अपना उत्तर स्वयं उपस्थित होकर या अपने अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा इस आयोग के समक्ष दिनांक 04.04.2024 को प्रात: 10:30 बजे तक प्रस्तुत करें तथा अपने कथन के समर्थन में जो अभिलेख दाखिल करना चाहें, दाखिल कर दें। यदि आप नोटिस मिलने पर अपना उत्तर उपरोक्त अवधि के अन्दर प्रस्तुत नहीं करेंगे तो आपके विरूद्ध एक तरफा आदेश पारित कर दिया जायेगा। आज दिनांक 15.02.2024 को जारी किया गया।

आज्ञा से:- अध्यक्ष
जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग-द्वितीय बरेली

**जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग-द्वितीय, बरेली**
परिवाद सं.- 150/2023

नोटिस बनाम- Zonal/Regional Manager, Trinity multistate Co-operative Credit Society Ltd.
पता:- Near Chandralok Hospital, Pilibhit bypass Road, Bareilly

आपको सूचित किया जाता है कि आपके विरूद्ध श्री जाकिर हुसैन मंसूरी पुत्र श्री अनवार हुसैन मंसूरी निवासी 100, चौधरी तालाब, मस्जिद गौसियान के पास, बरेली ने दिनांक 03.08.2023 को एक शिकायत पत्र उभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 के अन्तर्गत इस आयोग के समक्ष प्रस्तुत किया है जिसकी प्रतिलिपि इस नोटिस के साथ संलग्न है।
अत: आपको आदेश दिया जाता है कि आप इस सम्बन्ध में अपना उत्तर स्वयं उपस्थित होकर या अपने अधिकृत प्रतिनिधि द्वारा इस आयोग के समक्ष दिनांक 04.04.2024 को प्रात: 10:30 बजे तक प्रस्तुत करें तथा अपने कथन के समर्थन में जो अभिलेख दाखिल करना चाहें, दाखिल कर दें। यदि आप नोटिस मिलने पर अपना उत्तर उपरोक्त अवधि के अन्दर प्रस्तुत नहीं करेंगे तो आपके विरूद्ध एक तरफा आदेश पारित कर दिया जायेगा। आज दिनांक 15.02.2024 को जारी किया गया।

आज्ञा से:- अध्यक्ष
जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग-द्वितीय बरेली

